रोहतक
शनिवार 6 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 122
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 43.6
न्यून. 20.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 सेमीफाइनल में पहुंचने पर माजा को लग रहा था होटल का बिल बढ़ने का डर

टॉप 10 में म्हारी 6 छोरी और 5 छोरे

# वर्ल्ड बॉक्सिंग रैंकिंग में भारतीय मुक्केबाजों का ऐतिहासिक जलवा
# हरियाणा की मीनाक्षी और जैस्मीन बनीं दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय मुक्केबाजों ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। वर्ल्ड बॉक्सिंग द्वारा जारी की गई नवीनतम वैश्विक रैंकिंग में भारतीय महिला और पुरुष मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 में अपनी मजबूत जगह बनाई है। महिला वर्ग में भारत का दबदबा बेहद मजबूत दिखाई दे रहा है। देश की दो स्टार महिला मुक्केबाज अपनी-अपनी कैटेगरी में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी बन गई हैं। पुरुषों की श्रेणी में भी भारतीय मुक्केबाजों ने कड़े मुकाबले के बीच रैंकिंग में अपनी स्थिति मजबूत की है। पुरुषों में अलग-अलग भारवर्ग में टॉप दस में भारत के 9 बॉक्सर शामिल है। इसमें पांच हरियाणा के हैं। वहीं, महिलाओं के अलग-अलग भारवर्ग में टॉप दस में भारत की दस बॉक्सर शामिल है, इसमें हरियाणा की 6 बॉक्सर हैं।



मीनाक्षी | जैस्मीन | पूजा | प्रीति | प्रिया | सचिन | नरेंद्र

## लड़कियों का दबदबा कायम, लड़कों ने भी मजबूत की स्थिति

| रैंक-1 | वर्ग (किलो) | शहर |
|---|---|---|
| मीनाक्षी | 48 | रोहतक |
| जैस्मीन | 57 | भिवानी |
| रैंक-2 | वर्ग (किलो) | शहर |
| अरुंधति | 70 | राजस्थान |
| पूजा | 80 | भिवानी |
| नुपुर | 80+ | भिवानी |
| रैंक-3 | वर्ग (किलो) | शहर |
| प्रीति | 54 | भिवानी |
| प्रिया | 60 | भिवानी |
| रैंक-4 | वर्ग (किलो) | शहर |
| निकहत | 51 | तेलंगाना |
| रैंक-7 | वर्ग (किलो) | शहर |
| लवलीना | 75 | असम |
| अल्फिया | 80+ | महाराष्ट्र |
| | पुरुष | |
| रैंक-5 | वर्ग (किलो) | शहर |
| सचिन | 60 | भिवानी |
| नरेंद्र | 90+ | हिसार |
| रैंक-6 | वर्ग (किलो) | शहर |
| हितेश | 70 | झज्जर |
| आकाश | 75 | हिसार |
| रैंक-8 | वर्ग (किलो) | शहर |
| लोकेश | 85 | फरीदाबाद |

### ये भी छाईं

महिला में 54 किग्रा में भिवानी की साक्षी 19वें, 60 किग्रा में रोहतक की परवीन 13वें व रोहतक की ही संजू 21वें, 65 किग्रा में असम की अंकुशिता 11वें व दादरी की नीरज 22वें व 75 किग्रा में हिसार की स्वीटी 17वें स्थान पर रहीं।

### पुरुषों की स्थिति

50 किलोग्राम भारवर्ग में तमिलनाडु के विश्वनाथ सुरेश तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। 50 किलोग्राम में मणिपुर के जदुमानी सिंह सातवें स्थान पर है। 65 किलोग्राम में अभिनाश जामवाल हैं। वहीं 90 किलोग्राम भारवर्ग में राजस्थान के हर्ष चौधरी 10वें स्थान पर हैं। अन्य पुरुष मुक्केबाजों में 55 किलोग्राम में पवन बर्तवाल 12वें व मनीष राठौर 21वें स्थान पर है। 75 किलोग्राम में सुमित, 65 किलोग्राम में आदित्य प्रताप व 80 किलोग्राम में अंकुश तीनों 11वें स्थान पर हैं। 70 किलोग्राम में दीपक 12वें, 85 किलोग्राम में जुगनू 14वें, 90 किलोग्राम में नवीन 18वें स्थान पर हैं।

### यह खिलाड़ियों के अटूट संकल्प का परिणाम : मेजर सत्यपाल

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह रैंकिंग केवल एक सूची नहीं, बल्कि हमारे मुक्केबाजों के खून, पसीने और अटूट दृढ़ संकल्प का परिणाम है। वर्ल्ड बॉक्सिंग रैंकिंग में भारत का दुनिया की शीर्ष शक्तियों के रूप में उभरना और विशेष रूप से महिला वर्ग में हमारा दबदबा यह साबित करता है कि भारतीय मुक्केबाजी का भविष्य बेहद सुरक्षित और स्वर्णिम हाथों में है। महिला टॉप-10 में शामिल 10 में से 6 मुक्केबाज और पुरुषों के टॉप-10 में शामिल 9 में से 5 मुक्केबाज हरियाणा से हैं। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि हरियाणा को भारतीय बॉक्सिंग का पावरहाउस क्यों कहा जाता है। हमारी बेटियों और बेटों ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कड़े मुकाबले के बीच खुद को साबित किया है। हरियाणा बॉक्सिंग संघ जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और हमारा अगला लक्ष्य ओलंपिक और आगामी विश्व प्रतियोगिताओं में देश के लिए और अधिक स्वर्ण पदक जीतना है।



## खबर संक्षेप

### पीओके में चुनाव, भारत ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 7 जून को होने वाले विधानसभा चुनावों का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान जिस क्षेत्र पर अवैध और जबरन कब्जा किए हुए है, वहां चुनाव कराने की उसकी योजना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, जिसमें गिलगित-बाल्टिस्तान भी शामिल है, भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। *एजेंसी*

### युगांडा से आई महिला में मिले इबोला के लक्षण

**जयपुर।** जयपुर में इबोला वायरस का एक संदिग्ध मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। जयपुर एयरपोर्ट पर युगांडा से आई एक



विदेशी महिला पर्यटक की स्क्रीनिंग के दौरान उसमें इबोला जैसे लक्षण पाए गए। ऐहतियात के तौर पर महिला को तुरंत जयपुर के आरयूएचएस अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर कड़ी निगरानी में रखा गया है। *एजेंसी*

### मणिपुर में फिर हिंसा 3 लोगों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले के कुकी-जो समुदाय के गांव



पर शुक्रवार सुबह हमला। इस हमले में दंपती सहित 3लोग मारे गए हैं। हिंसा की इस ताजा घटना के बाद राज्य के पहाड़ी इलाकों में तनाव बढ़ गया है। कांगपोकपी के लोइबोल खुल्लेन गांव पर अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला कर दिया। 7 घरों में आग लगा दी। *एजेंसी*

### खरगे ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन

**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को बेंगलुरु में राज्यसभा चुनाव



के लिए नॉमिनेशन फाइल किया। चुनाव 18 जून को होना है। खरगे के साथ राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बीके हरिप्रसाद भी थे। खरगे के साथ, कांग्रेस उम्मीदवार पवन खेड़ा और मंसूर अली खान ने भी कर्नाटक विधान सभा की सेक्रेटरी विशालाक्षी को अपने नॉमिनेशन पेपर जमा किए। *एजेंसी*

## अर्थ की व्यवस्था ठीक : निर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन

# 7.7% की दर से बढ़ी इकोनॉमी मार्च तिमाही में 7.8% की रफ्तार

1 — 2024-25 में 7.1% की दर से मिली थी बढ़ोतरी

2 — अगले साल 6.6% रह सकती है जीडीपी ग्रोथ

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में मजबूत घरेलू मांग और सरकारी खर्च के कारण अनुमान से अधिक 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी। हालांकि, इस अवधि के अंत में बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं ने आर्थिक परिदृश्य पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। पिछले वर्ष की समान तिमाही में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत रही थी जबकि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यह आठ प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 की समूची अवधि में देश की आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो गई, जो 2024-25 में 7.1 प्रतिशत रही थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 7.8 प्रतिशत बढ़ा, जो यह दर्शाता है कि वृद्धि केवल मांग पर आधारित नहीं थी, बल्कि उत्पादन में



मजबूती भी रही। विनिर्माण, निर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन ने अर्थव्यवस्था को सहारा दिया। हालांकि, इस तिमाही के अंतिम महीने मार्च में ही पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष का असर नजर आया। लेकिन यह तनाव जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल और आपूर्ति में पैदा हुए गतिरोध का असर आने वाले समय में देखने को मिलेगा।

### वैश्विक चुनौतियों के बीच आगे बढ़ रहे : सीतारमण



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इन आंकड़ों पर कहा कि सरकार वैश्विक चुनौतियों के बीच आर्थिक रफ्तार बनाए रखने के लिए सुधारों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। एनएसओ के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में द्वितीयक (विनिर्माण, निर्माण) और तृतीयक (सेवाएं) क्षेत्रों ने क्रमशः 8.8 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन को मजबूती दी। इन क्षेत्रों में व्यापार, होटल, परिवहन, संचार, प्रसारण, भंडारण, वित्त, रियल एस्टेट, आईटी और पेशेवर सेवाएं शामिल हैं।

### आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव, जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाया

रिजर्व बैंक ने नए वित्त वर्ष की दूसरी मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है।



इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। वहीं 2027 में महंगाई के अनुमान को 4.6% से बढ़ाकर 5.1% कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यह जानकारी दी। वेस्ट एशिया (मध्य पूर्व) में चल रहे तनाव और सप्लाई चेन में रुकावटों के चलते आरबीआई ने आर्थिक विकास दर यानी जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को घटा दिया है। अब चालू वित्त वर्ष-27 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान को 6.9% से घटाकर 6.6% कर दिया गया है।

**कमजोर मानसून का डर**

पश्चिम-दक्षिण मानसून में कमी (कम बारिश) के अनुमान को लेकर चिंता जताई गई है। इसका सीधा असर खेती-किसानी की पैदावार व ग्रामीण इलाकों में मांग पर पड़ सकता है।

# भारत के साथ जल्द होगा व्यापार समझौता : ट्रंप

भारत ने दशकों तक अमेरिका का फायदा उठाया | दोनों देशों के बीच अंतिम चरण में पहुंची वार्ता | डील करेंगे, क्योंकि मुझे मोदी पसंद, वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त



**वॉशिंगटन/डीसी (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार को लेकर कहा कि लंबे समय तक भारत ने अमेरिका पर ऊंचे टैरिफ लगाए और उसका फायदा उठाया। ट्रंप ने दावा किया कि अब स्थिति बदल गई है और अमेरिका भारत से अच्छी कमाई कर रहा है। ट्रंप ने आगे कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही एक बड़ा व्यापार समझौता भी हो सकता है, क्योंकि मैं मोदी को बहुत पसंद करता हूं। मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारे संबंध अच्छे हैं और हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका की एक टीम हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत कर चुकी है।

### अमेरिका भारत पर 12.5% टैरिफ लगाने की तैयारी में

समझौतों को लेकर बातचीत के बीच एक नई मुश्किल भी खड़ी हो गई है। अमेरिका ने कुछ देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिका का कहना है कि ये देश जबरन मजदूरी से जुड़े मामलों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। इस प्रस्तावित सूची में भारत का नाम भी शामिल है। अगर यह फैसला लागू होता है, तो अमेरिका जाने वाले भारतीय सामान पर 12.5% अतिरिक्त शुल्क लग सकता है। इससे भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में महंगे हो सकते हैं और निर्यातकों पर असर पड़ सकता है। भारत सरकार का कहना है कि अभी इस अतिरिक्त शुल्क को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। अमेरिका पहले इस प्रस्ताव पर लोगों और संबंधित पक्षों की राय लेगा, उसके बाद ही अंतिम निर्णय करेगा।

### भारत-अमेरिका में ट्रेड डील का खाका तैयार

भारत-अमेरिका में फरवरी 2026 में एक अंतरिम व्यापार समझौता पर सहमति बनी थी। इसका मकसद लंबे समय से अटके व्यापारिक मुद्दों को सुलझाना था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के कुछ टैरिफ को अवैध बता दिया। इसके बाद साफ नहीं हो रहा था कि कौन से टैरिफ लागू रहेंगे, कौन से नहीं।

मोहाली में एक्स-गर्लफ्रेंड की हत्या

# ब्रेकअप से नाराज युवक ने 35 सेकेंड में 30 बार मारा चाकू

**मोहाली (एजेंसी)।** मोहाली में युवक ने चाकुओं से गोदकर युवती (30) की हत्या कर दी। वह गुपचुप ऑफिस में घुसा और काम में काम



गुपचुप ऑफिस में घुसा और पीछे से हमला किया

कर रही युवती पर पीछे से हमला कर दिया। युवती जान बचाने दौड़ती रही और युवक उसका पीछा कर चाकू मारता रहा। उसने 35 सेकेंड में युवती पर 30 बार चाकू से वार किया। ऑफिस स्टाफ ने बचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी उन्हें भी चाकू दिखाकर डराता रहा। जब उसे लगा कि अब युवती जिंदा नहीं बचेगी तो उसने उसी चाकू से अपना भी गला काट लिया। आरोपी युवक गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। मृतका डिंपल (30) कंपनी की डिस्पैच टीम में काम करती थी। आरोपी हरजिंदर (34) भी उसी कंपनी में काम करता था और दोनों के वर्क स्टेशन भी पास-पास थे। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि युवक और युवती के बीच पहले प्रेम संबंध था। बाद में युवती ने युवक से ब्रेकअप कर लिया। इससे वह गुस्से में आ गया और इस वारदात को अंजाम दे दिया।

### गर्दन पर ताबड़तोड़ किए वार

चाकुओं से हमला होते ही युवती चिल्लाने लगी। मगर, आरोपी उसकी गर्दन पर ताबड़तोड़ वार करता चला गया। इसके बाद युवती जान बचाने के लिए वहां से दौड़ी ताकि बाकी स्टाफ तक पहुंचकर अपनी जान बचा सके लेकिन आरोपी भी चाकू लेकर उसके पीछे-पीछे दौड़ता रहा।

18 माह से आलाकमान के साथ मतभेद चल रहे

## अन्नामलाई ने भाजपा छोड़ते ही बनाई नई पार्टी

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को नई पार्टी बनाने का ऐलान किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज में अन्नामलाई ने कहा कि आज हम एक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। हमारी राजनीतिक पार्टी तमिलनाडु में 2031 में अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी। मेरे लिए यह तय करना बहुत मुश्किल था कि मैं बीजेपी का सदस्य रहूं या तमिल लोगों से जुड़ा रहूं। मैंने 4 दिसंबर 2025 को पार्टी को बताया कि मैं इस्तीफा देने जा रहा हूं।



अगला चुनाव लड़ने का ऐलान कहा- मतभेद थे, आलाकमान ने चुनाव तक रुकने को कहा था

सुरक्षा टीमों की तत्परता के चलते डेटा सुरक्षित

## साइबर हमलों के बाद सीबीएसई को दर्ज करवाई शिकायत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अपने पोस्ट-रिजल्ट सर्विसेज पोर्टल पर हुए कोऑर्डिनेटेड साइबर हमलों को लेकर दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि लगातार 24× 7 निगरानी और साइबर सुरक्षा टीमों की तत्परता के चलते सभी हमलों को निष्प्रभावी कर दिया गया और किसी भी प्रकार के डेटा लीक की घटना सामने नहीं आई है। सीबीएसई की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 2 जून 2026 को शुरू किए गए पोस्ट-रिजल्ट सर्विसेज पोर्टल पर पिछले तीन दिनों के दौरान कई बार साइबर हमले किए गए।

पिछले तीन दिनों के दौरान कई बार अटैक हुआ **देश-विदेश के आईपी एड्रेस से आया संदिग्ध ट्रैफिक**

हत्या की कोशिश व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज

## फायरिंग मामले में खान सर को तलाश रही पुलिस

**पटना (एजेंसी)।** फायरिंग मामले में खान सर की गिरफ्तारी हो सकती है। कदमकुआं थाने में फैसल खान उर्फ खान सर के खिलाफ हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। खान सर के गाड्र्स ने पुलिस को बयान दिया है कि उन्होंने हमें कहा तुम गोली चलाओ बाकी हम देख लेंगे। इसी आधार पर पुलिस ने खान सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बीएनएस की धारा 109 के तहत ये केस दर्ज किया गया है। इसमें 10 साल तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान है। इसमें अग्रिम जमानत भी नहीं मिल सकती है। एफआईआर के बाद खान की कोचिंग पर उनके वकील पहुंचे।

गाड्र्स को कहा, तुम गोली चलाओ, बाकी हम देख लेंगे पटना में कोचिंग के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा

रक्षा क्षमता को मिलेगा नया आयाम

## भारत खरीदेगा 20 हजार करोड़ के ड्रोन, 2 साल में होगी आपूर्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार 20 हजार करोड़ रुपये के स्वदेशी ड्रोन खरीदने की तैयारी में है। ये आधुनिक सैन्य ड्रोन 18 से 24 महीनों में सेना को मिलेंगे, जिससे देश की रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। सरकार के साथ मिलकर काम करने वाले उद्योग निकाय ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीएफआई) ने इस बात की पुष्टि की है। डीएफआई के अध्यक्ष स्मित शाह ने बताया कि यह योजना अपने अग्रिम चरण में है। हाल ही में सरकार ने सामरिक श्रेणी



दृष्टि 10 स्टारलाइनर ड्रोन

(टैक्टिकल-क्लास) के ड्रोन के लिए 3,000 करोड़ रुपए के ऑर्डर दिए थे, लेकिन अगले चरण में यह खरीद 20,000 करोड़ रुपए को पार कर सकती है। इन ड्रोनों की डिलीवरी 18 से 24 महीनों के भीतर पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।

## अंडमान में मिला प्राकृतिक गैस का भंडार, ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी सफलता

# समुद्र में खोदे गए 1900 मीटर गहरे कुएं से लगातार निकल रही गैस

केंद्रीय मंत्री पुरी ने ऑयल इंडिया को बधाई दी

सेंट्रल डेस्क ▶▶| रोहतक

भारत के अपतटीय (ऑफशोर) ऊर्जा खोज के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घोषणा की कि ऑयल इंडिया लिमिटेड ने अंडमान सागर में ड्रिल किए गए एक खोजी कुएं में प्राकृतिक गैस की मौजूदगी का पता लगाया है। यह खोज श्री विजयपुरम-3 नामक कुएं में हुई है। यह अंडमान द्वीपसमूह के पूर्वी तट से लगभग 15 किलोमीटर दूर 355 मीटर गहरे समुद्री क्षेत्र में स्थित है। इस कुएं की खुदाई 1,900 मीटर से अधिक गहराई तक की गई थी। इओसीन संरचना में प्रारंभिक उत्पादन परीक्षण के दौरान लगातार गैस जलने (फ्लेयरिंग) से प्राकृतिक गैस की उपस्थिति की पुष्टि हुई। एक्स पर जारी बयान में पुरी ने कहा कि अंडमान सागर में ऊर्जा संभावनाओं का विशाल भंडार और मजबूत हुआ है। वर्तमान में ऑयल इंडिया लिमिटेड गैस के नमूनों का परीक्षण कर रही है, ताकि उसकी संरचना और ऊष्मीय मान (कैलोरिफिक वैल्यू) का आकलन किया जा सके। साथ ही गैस की उत्पत्ति को समझने के लिए आइसोटोप अध्ययन भी किए जा रहे हैं। खाड़ी संकट के बीच यह उपलब्धि राहत देने वाली है।

### तीन खोजी कुओं में से दो में हाइड्रोकार्बन की मौजूदगी



यह उपलब्धि सरकार के समुद्र मंथन मिशन के तहत सामने आई है। इस मिशन की घोषणा भारत के अपतटीय बेसिनों में गहरे और अति-गहरे समुद्री क्षेत्रों में हाइड्रोकार्बन खोज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। कंपनी के अनुसार अंडमान बेसिन में वर्तमान खोज अभियान के दौरान ड्रिल किए गए तीन खोजी कुओं में से दो में अब हाइड्रोकार्बन की मौजूदगी दर्ज की जा चुकी है। पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2025 में स्वतंत्रता दिवस पर घोषित समुद्र मंथन मिशन के तहत हमारे अपतटीय बेसिनों में बड़ी संख्या में गहरे और अति-गहरे समुद्री खोजी कुएं खोदे जाने की योजना है, ताकि देश के हाइड्रोकार्बन भंडार का पूर्ण उपयोग किया जा सके। अंडमान बेसिन में ऑयल इंडिया द्वारा वर्तमान अभियान के तहत ड्रिल किए गए तीन खोजी कुओं में से दो में हाइड्रोकार्बन की उपस्थिति दर्ज की जा चुकी है। सरकार ने यह भी कहा है कि वह वैश्विक गहरे समुद्री अन्वेषण विशेषज्ञों के सहयोग से अपनी खोज एवं अन्वेषण महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की योजना बना रही है।

## खबर संक्षेप

### नॉर्थ जोन-2 सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण सम्मेलन ने कहा कि हरियाणा के लिए यह गौरव का विषय है कि हरियाणा विधान सभा को पहली बार राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के इंडिया रीजन के नॉर्थ जोन-2 सम्मेलन की मेजबानी का अवसर मिला है। 8 से 10 जून तक चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों के पीठासीन अधिकारी तथा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। कार्यक्रम में राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश, हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा अन्य विशिष्ट अतिथि भी भाग लेंगे। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को भी सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है।

### 42 पुलिस इंस्पेक्टरों का तबादला

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस मुख्यालय ने प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। जारी आदेशों के अनुसार, राज्य के 42 पुलिस इंस्पेक्टरों का तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर कर दिया गया है। यह ट्रांसफर विभिन्न जिलों और विशेष इकाइयों में किए गए हैं। तबादला सूची में करनाल, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, पलवल, सोनीपत और गुरुग्राम समेत कई जिलों के इंस्पेक्टर शामिल हैं। कुछ अधिकारियों को जिला पुलिस से विशेष शाखाओं और अपराध जांच इकाइयों में भेजा गया है, जबकि कई को फील्ड पोस्टिंग दी गई है। सूची के अनुसार, गुरुग्राम और सोनीपत से सबसे अधिक अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। गुरुग्राम से चार और सोनीपत से चार इंस्पेक्टरों को विभिन्न इकाइयों में भेजा गया है। वहीं, करनाल, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पलवल से भी कई अफसरों के तबादले किए गए हैं।

### हालसा मानसून राज्य में 10 लाख पौधे रोपित करेगा

**चंडीगढ़।** पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (हालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति दीपक सिबल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा भर में एक राज्यव्यापी वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत वन विभाग के सहयोग आगामी मानसून सीज़न के दौरान राज्य भर में लगभग 10 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

### सब ब्रांच को लेकर विभाग व किसानों में सहमति

**चंडीगढ़।** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के प्रयासों से भालौट सब ब्रांच एवं झज्जर सब ब्रांच के पुनर्निर्माण कार्य को लेकर लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो गया है। किसानों, ग्रामीणों और नहर विभाग के अधिकारियों के साथ लगातार संवाद एवं सकारात्मक पहल के परिणामस्वरूप सभी पक्षों के बीच महत्वपूर्ण सहमति बनी है, जिससे अब दोनों नहरों के पुनर्निर्माण कार्य को दोबारा गति मिलेगी।श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की रक्षा करते हुए सिंचाई ढांचे को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे किसानों को फायदा होगा।

## 2738 करोड़ सतत बागवानी संवर्धन परियोजना शुरू, कोल्ड चेन नेटवर्क होगा मजबूत

# फल व सब्जियां नहीं होंगी खराब, 402 पैक हाउस और 4 लीड पैक हाउस बनेंगे

**400 बागवानी क्लस्टर और 500 उत्पादक समूहों को किया जाएगा मजबूत**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में बागवानी एवं एग्री-बिजनेस क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए 2,738 करोड़ रुपये की सतत बागवानी संवर्धन परियोजना शुरू की गई है। इस परियोजना के तहत प्रदेश में 400 बागवानी क्लस्टर विकसित किए जाएंगे तथा 500 उत्पादक समूहों को संगठित और सशक्त बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि फलों और सब्जियों की फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए प्रदेशभर में 402 पैक हाउस, 4 लीड पैक हाउस, 3 फुलफिलमेंट सेंटर और 44 रिटेल आउटलेट स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा 1,000 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण तथा 65 हजार एकड़ भूमि को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से जोड़ा जाएगा।



### जापान का कोची विश्वविद्यालय करेगा किसानों का मार्गदर्शन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल और जापान के कोची विश्वविद्यालय के बीच ज्ञान एवं अनुसंधान के आदान-प्रदान का समझौता किया गया है। इसके माध्यम से हरियाणा के किसानों को विश्वस्तरीय तकनीकी सहायता, आधुनिक कृषि अनुसंधान और उन्नत बागवानी तकनीकों का लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ किसानों को आधुनिक खेती, फसल प्रबंधन, जल संरक्षण और उत्पादन बढ़ाने से जुड़ी नई तकनीकों का प्रशिक्षण देंगे। इससे प्रदेश में बागवानी आधारित कृषि को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।

#### खेत से बाजार तक पूरी मूल्य श्रृंखला मजबूत होगी

उन्होंने कहा कि आधुनिक कोल्ड चेन नेटवर्क और बेहतर भंडारण सुविधाओं से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा तथा खेत से बाजार तक पूरी मूल्य श्रृंखला मजबूत होगी। परियोजना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम, मिट्टी एवं जल विश्लेषण, डिजिटल कृषि सलाह, भू-स्थानिक तकनीक, ई-मार्केटिंग और आधुनिक पैकेजिंग जैसी तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा एग्री बिजनेस एंड कोल्ड चेन सेंटर किसानों, एफपीओ, उद्यमियों और स्टार्टअप्स के लिए विश्वस्तरीय प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित होगा।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की होगी डिजिटल चौकीदारी, क्यूआर कोड सूचना प्रणाली लागू



**चंडीगढ़।** हरियाणा में विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण एक मजबूत और तकनीक आधारित निगरानी तंत्र विकसित कर रहा है। प्राधिकरण के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने कहा कि राज्य में सरकार द्वारा बनाये जाने वाले हर प्रोजेक्ट की गुणवत्ता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए निर्माण कार्यों की निगरानी, परीक्षण और मूल्यांकन की पूरी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। बकायदा इसके लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का उपयोग विशेष तौर पर किया जा रहा है।

### दिल्ली के उपराज्यपाल से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह से मुलाकात की। इसे शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, लेकिन बैठक में हरियाणा, दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों पर चर्चा होने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा दिल्ली में चल रहे पानी के संकट पर भी चर्चा हुई। अभी हरियाणा दिल्ली को 1000 क्यूसक पानी दे रहा है, इससे दिल्ली में जल संकट के बीच बड़ी राहत पहुंची है। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

## सूरजमुखी की खेती करने वाले किसानों के लिए 60 दिनों के लिए खुलेगा पोर्टल

■ फसल बेचने के लिए पंजीकरण करवा सकेंगे : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सूरजमुखी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की है कि सूरजमुखी खरीद के लिए पंजीकरण पोर्टल अगले 60 दिनों के लिए दोबारा खोला जाएगा। इससे वे किसान भी लाभ उठा सकेंगे जो विभिन्न कारणों से निर्धारित समयावधि में अपना पंजीकरण नहीं करा पाए थे। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा पंचकूला में जाईका वित्तपोषित सतत बागवानी संवर्धन परियोजना के शुभारंभ और विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र किसान अपनी उपज बेचने के अवसर से वंचित न रहे।

#### किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल को अगले 60 दिनों के लिए पुनः शुरू किया जाए, ताकि छूटे हुए किसान अपना पंजीकरण कराकर सरकार की खरीद व्यवस्था का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि, बागवानी और किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने में मदद मिल रही है।

## पानीपत अस्पताल के लिए 219 पदों को मंजूरी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार ने जहां 200 बेड के जिला नागरिक अस्पताल, पानीपत के लिए 122 नियमित पदों तथा 97 पद हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के माध्यम से भरने सहित कुल 219 पदों के सृजन एवं स्वीकृति प्रदान की है, वहीं जिला कुरुक्षेत्र के उप-स्वास्थ्य केंद्र थाना को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में अपग्रेड करने की मंजूरी भी दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन निर्णयों से लोगों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## महिलाओं के लिए खुलेंगे शक्ति सदन

**चंडीगढ़।** प्रदेश में अब जरूरतमंद और विपरीत परिस्थितियों से जूझ रही महिलाओं को परेशान नहीं होना पड़ेगा। हिंसा, तस्करी, शोषण, परित्याग, सामाजिक बहिष्कार, बेसहारा और दिव्यांग महिलाओं को सहारा देने के लिए सरकार ने विभिन्न शहरों में शक्ति सदन खोलने की तैयारी कर ली है। सामाजिक संगठनों (एनजीओ) की सहायता से न केवल ऐसी महिलाओं को सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, बल्कि पुनर्वास भी कराया जाएगा ताकि वे सामान्य महिलाओं की तरह जीवन जी सकें। महिला एवं बाल विकास विभाग ने मिशन शक्ति योजना के तहत करनाल और रोहतक को छोड़कर शेष 21 जिलों में शक्ति सदन खोलने के लिए उपयुक्त स्थलों की तलाश शुरू कर दी है। इसके बाद केंद्र शुरू किए जाएंगे।

## हरियाणा रास आया, भाजपा-कांग्रेस दोनों प्रभारियों की हुई तरक्की

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

### राज्यसभा जाएंगे डॉ. सतीश पूनिया कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष बने हरिप्रसाद

हरियाणा की राजनीति में संगठनात्मक जिम्मेदारी संभालने वाले भाजपा और कांग्रेस के दोनों प्रभारियों को नई जिम्मेदारियां मिलने के बाद अब दोनों दलों में नए प्रभारियों की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हरियाणा भाजपा मामलों के प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया को पार्टी ने राजस्थान से राज्यसभा उम्मीदवार बनाया है।

राजनीतिक हलकों में इसे हरियाणा विधानसभा और निकाय चुनावों में भाजपा की सफलता का 'रिटर्न गिफ्ट' माना जा रहा है। जुलाई 2024 में हरियाणा प्रभारी बनने के बाद पूनिया के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई और हालिया निकाय चुनावों में भी शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, राज्यसभा पहुंचने के बाद उनके हरियाणा प्रभारी बने रहने या नए चेहरे को जिम्मेदारी मिलने को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।



डॉ. सतीश पूनिया



बीके हरिप्रसाद

भाजपा में सांसद रहते हुए दूसरे राज्यों का प्रभार संभालने की परंपरा रही है, इसलिए उनके पद पर बने रहने की भी संभावना जताई जा रही है। वहीं, उन्हें भविष्य में केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की चर्चाएं भी राजनीतिक गलियारों में हैं। दूसरी ओर, हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी बीके हरिप्रसाद को पार्टी हाईकमान ने कर्नाटक कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

फरवरी 2025 में हरियाणा कांग्रेस का प्रभार संभालने वाले हरिप्रसाद ने संगठन में अनुशासन और गुटबाजी कम करने के प्रयास किए। अब नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्हें हरियाणा का प्रभार छोड़ना होगा। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस दोनों को हरियाणा के लिए नए संगठनात्मक समीकरण तय करने होंगे।

## चीफ स्टैम्प ऑडिटर सस्पेंड सिरसा रहेगा हेडक्वार्टर

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर एक बड़ा फैसला लेते हुए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में तैनात चीफ स्टैम्प ऑडिटर-I सुशील कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित (सस्पेंड) कर दिया है। सरकार द्वारा यह आदेश आज, 5 जून 2026 को जारी किया गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव और वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा के हस्ताक्षरों से जारी इस सरकारी आदेश में निलंबन अवधि के दौरान कई कड़े नियम लागू किए गए हैं। आदेश के मुताबिक, सस्पेंशन की अवधि के दौरान सुशील कुमार का मुख्यालय (हेडक्वार्टर) जिला राजस्व अधिकारी सिरसा का कार्यालय तय किया गया है। उन्हें पूरी निलंबन अवधि के दौरान सिरसा कार्यालय में ही उपस्थित रहना होगा। वे सिरसा के जिला राजस्व अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना अपना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे

## 'ड्रग फ्री हरियाणा' अभियान चलेगा

■ पुलिस ने 6 साल में 6256 आरोपी गिरफ्तार किए : डीजीपी सिंघल

**चंडीगढ़।** प्रदेश में पुलिस जल्द ही 'ड्रग फ्री हरियाणा अभियान' शुरू करेगी जिसके तहत नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल की अध्यक्षता आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार हरियाणा पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पिछले छह वर्षों में बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत कमर्शियल क्वांटिटी से जुड़े 2,353 मामले दर्ज किए हैं। इन मामलों में 6,256 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि नशे के कारोबार से अर्जित 72.70 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त, फ्रीज या कुर्क की गई हैं।संजय कुमार ने बताया कि वर्ष 2021 से 2025 के दौरान कमर्शियल क्वांटिटी से जुड़े 1,876 मामलों में 3,151 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।



## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

**मु.न. 306 दिनांक 26.05.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम-चिनु ।
पति का नाम-रविन्द्र ।
पता-वासी गांव साफियाबाद कुण्डली जिला सोनीपत ।
उम्र -21 वर्ष।
कद -5 फुट ।
हुलियाः- रंग गेंहुआ, हृष्ट-पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, काली आंखे हैं।
पहनावा - जामनी रंग की सुट-सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.05.2026 को चिनु पत्नी रविन्द्र वासी गांव साफियाबाद कुण्डली जिला सोनीपत राज्य हरियाणा बिना किसी को बताए घर से कही चली गई है अब तक वापिस नहीं आई है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो० न0 7419410537
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9416630404
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/4908/2027/45950/88/6 दि. 05.06.2026

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

**मु.न. 148 दिनांक 30.05.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना HSIIDC बड़ी जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम-अमरजीत।
पिता का नाम - सत्य कुमार ।
पता - वासी गांव शाहपुर गगां हरदोई यु० पी० हाल नियर अयोध्या चौक सेक्टर 3 रोहिणी दिल्ली।
उम्र - 24 वर्ष ।
कद - 5 फुट 4 ईन्च ।
हुलियाः- हृष्ट-पुष्ट शरीर, रंग सांवला, गोल चेहरा, काले बाल, काली आखें हैं।
पहनावा - काले रंग के पेंट - शर्ट व पैरों में जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.05.2026 को अमरजीत पुत्र सत्य कुमार वासी गांव शाहपुर गगां हरदोई यु० पी० हाल नियर अयोध्या चौक सेक्टर 3 रोहिणी दिल्ली, जो चण्डीगढ का नाम लेकर कही चला गया है अब तक वापिस नहीं आया हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो० न0 7419410541
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 8708271078
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/4905/2027/45946/88/6 दि. 05.06.2026

## री-टेन्डर नोटिस

जिला रोहतक के इच्छुक सेवा प्रदाता से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक की आवश्यकता अनुसार अनुबंध आधार पर लेजर लैंड लेवलर/अन्य मशीनों से किसानों के खेतों में प्रदर्शन हेतू कार्य करवाने के लिए ट्रैक्टर एवं ट्रैक्टर ड्राईवर / ऑपरेटर सहित उपलब्ध करवाने हेतु मोहर बंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं 10,000/- रुपए बतौर धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट सहायक कृषि अभियंता (मुख्यालय), हरियाणा, पंचकूला के नाम से बनवा कर दिनांक 12-06-2026 को प्रातः 11:00 बजे तक सहायक कृषि अभियंता, रोहतक के कार्यालय में जमा करवा सकते है, तथा निविदाएं दिनांक 15-06-2022 को ही दोपहर 12:00 बजे माननीय अतिरिक्त उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष उनके कार्यालय में खोली जाएगी। निविदा के लिफाफे पर नाम/पता/ मोबाईल नं० लिखा हो व ट्रेक्टर की आर०सी० की प्रति साथ सलंग्न हो। नियम एवं शर्ते निम्न प्रकार से हैं।

1- ट्रैक्टर 50 हॉर्स पॉवर या उससे अधिक व 2021 या उसके बाद के मॉडल का होना चाहिए ।
2- निवेदित की गई दरें 180 दिनों तक मान्य होंगी तथा सेवा प्रदाता ट्रैक्टर ऑपरेटर/ड्राईवर सहित कस्टम हायरिंग रेट 10 घंटे के हिसाब से भरे ।
3- सेवा प्रदाता यह सुनिश्चित करेगा कि ऑपरेटर प्रति दिन कम से कम 10 घंटे यह मशीन चलाने में सक्षम है। कार्य के उपलब्धता के आधार पर समय अवधि बढाई भी जा सकती है।
4- सेवा प्रदाता वांछित रूप से ट्रैक्टर प्रदान करेगा व अनुबंध अवधि के दौरान ट्रैक्टर व लेज़र लैंड लेवेलर के रखरखाव व टूट-फूट के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।
5- कार्य के लिए ट्रैक्टर द्वारा डीजल खपत सम्बंधित अनुमान किसान द्वारा दिया जायेगा।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक कृषि अभियंता, दिल्ली रोड (जाट कॉलेज के सामने) रोहतक से संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 8168992780, 9671247857

**हस्ता/-सहायक कृषि अभियंता**
**रोहतक**

पीआरडीएच-1004/11/215/2027/45967/88/6 दि. 05.06.2026

## हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | डीएसटी/एलएनबी/करनाल/01 करनाल में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास (बलारी बाई-पास)। | 04.06.2026 को प्रकाशित विज्ञापन की निरंतरता में, यह सूचित किया जाता है कि अनजाने में त्रुटि की वजह से, निविदा बंद होने की तिथि 15.06.2026 वर्णित हो गई थी। बंद होने की सही तिथि 15.07.2026 है। | http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 2 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | डीएसटी/एलएनबी/पिपली/01 पिपली (कुरुक्षेत्र) में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास। | 04.06.2026 को प्रकाशित विज्ञापन की निरंतरता में, यह सूचित किया जाता है कि अनजाने में त्रुटि की वजह से, निविदा बंद होने की तिथि 15.06.2026 वर्णित हो गई थी। बंद होने की सही तिथि 15.07.2026 है। | http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 3 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | डीएसटी/एलएनबी/गुरूग्राम/01 सेक्टर-29, गुरूग्राम में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास। | 04.06.2026 को प्रकाशित विज्ञापन की निरंतरता में, यह सूचित किया जाता है कि अनजाने में त्रुटि की वजह से, निविदा बंद होने की तिथि 15.06.2026 वर्णित हो गई थी। बंद होने की सही तिथि 15.07.2026 है। | http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/80/45944/I/88/6 दि. 05.06.26

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | विभिन्न आकारों के सुपर एनेमल्ड कॉपर वाइंडिंग वायर और अन्य 1 निविदा। | बंद होने की तिथि 11.06.2026 | 10.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8816016044 xenworkshopdadri@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आसंडा माइनर के विभिन्न आरडी पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग पैच की मरम्मत + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.06.2026 | 19.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | 02 सीएस. क्षमता के डीपी सैट (फाइल्ड मार्शल मेक) की मरम्मत हेतु जॉब/सामग्री की आवश्यकता। | बंद होने की तिथि 10.06.2026 | 0.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा झज्जर | गोधड़ी लिंक ड्रेन पर रोड के नीचे पाइप लाइन की क्रॉसिंग और सम्प वैल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.06.2026 | 14.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050805156 xenjwsdnjjr@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | सिंचाई विभाग हरियाणा के एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल चरखी दादरी हेतु हार्डवेयर और विद्युत मदों की आपूर्ति। | 05.06.2026 18.06.2026 | 35.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 172582542 xenproc@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बिजोपुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 4 कार्य। | 04.06.2026 11.06.2026 | 206.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव खेड़ी गुजरान ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, एसएफसी। | 04.06.2026 11.06.2026 | 51.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | खेत खलिहान सड़क योजना के तहत गांव खरक खुर्द में खेत खलिहान रास्ता का निर्माण, जीपी + 1 कार्य। | 03.06.2026 08.06.2026 | 74.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | महिला एवं बाल विकास हिसार | डीपीओ और डब्ल्यूसीडीपीओएस के कार्यालय हेतु वाहन को किराये पर लेना। | 04.06.2026 14.06.2026 | ईएमडी 80000/ | https://wcdhry.gov.in/ | 9466150800 pohsr.wcd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/180/45964/I/88/6 दि. 05.06.26

## दुकान के बाहर गाड़ी खड़ी करने का विवाद, एक माह बाद बहाया खून

# व्यापारी की बीच बाजार बदमाशों ने डंडे और चाकू मारकर की हत्या

- पिंजौर में हुए हत्याकांड में पुलिस ने कुछ घंटों बाद ही चार आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिंजौर

अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सरेराह बाजार में एक व्यापारी की पीट-पीटकर और चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना पिंजौर की मेन मार्केट में हुई, जहां व्यापारी स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठा हुआ था। इसी दौरान 5 से 6 युवक वहां पहुंचे और उसे जबरन गाड़ी से बाहर खींच लिया। आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और चाकू से कई वार किए। हमलावर मारने के इरादे से ही आए थे क्योंकि पिटाई के बाद बेसुध होने के बावजूद एक हमलावर लगातार सिर पर डंडे से वार करता रहा। मृतक की पहचान जितेश मनोचा (42) के रूप में हुई है। मनोचा की मुख्य बाजार में 'मनोचा क्लॉथ हाउस' नाम से कपड़ों की दुकान है। वहीं, पुलिस ने हत्याकांड के कुछ ही घंटों में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया है कि हत्या के पीछे करीब एक महीने पुरानी रंजिश थी। मुख्य आरोपी खुशदीप सिंह ने एक महीने पहले अपनी कार जितेश की दुकान के सामने खड़ी कर दी थी। कहासुनी के बाद जितेश ने खुशदीप से मारपीट की थी, जिसमें बाद में समझौता हो गया था, लेकिन खुशदीप रंजिश पाले हुए था।


पिंजौर में गाड़ी से उतारकर हमला करते बदमाश व इनसेट में मृतक व्यापारी जितेश मनोचा।

### मुख्य आरोपी चंडीगढ़ में है बीए का छात्र

पुलिस ने मनप्रीत सिंह, रोहित मेहता और मनीष चौधरी को भी काबू किया है। मुख्य आरोपी खुशदीप चंडीगढ़ के एसडी कॉलेज में बीए का स्टूडेंट है। उसके पिता खेतीबाड़ी करते हैं। वहीं, गिरफ्तार आरोपी मनप्रीत के खिलाफ पहले भी मारपीट के 4 केस दर्ज हैं।

### जमीन विवाद में महिला की धारदार हथियारों से हत्या

**कनीना।** गांव चेलावास में वीरवार रात के समय जमीनी विवाद को लेकर एक अधेड़ उम्र की महिला की धारदार हथियारों से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। मृतका की पहचान ओमपती के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतका के जेठ सुरेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपित विनोद, संदीप, कविता, बिमला, लखीराम और दो अन्य के खिलाफ साजिश रचकर कुल्हाड़ी व फरसों से हमला कर हत्या करने का केस दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र के अनुसार उनके छोटे भाई स्व. राजसिंह की पत्नी ओमपती का अपने देवर विनोद के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

# 5 हत्यारोपियों को हथकड़ी लगा बाजार में घुमाया


**भूना।** युवक की हत्या के पांच आरोपियों को बाजार से पैदल लेकर जाती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

गैंगवार से पैदा हुए खौफ को खत्म करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को सख्त कार्रवाई करते हुए सचिन उर्फ चिन्ना हत्याकांड के पांच आरोपियों को सार्वजनिक रूप से पैदल ले जाकर घटनास्थलों की निशानदेही करवाई। इस दौरान आरोपियों को हथकड़ियां लगाकर सड़कों से गुजारा गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। पांच में से तीन आरोपी गंजे भी थे। पुलिस के अनुसार, निशानदेही के लिए ले जाते समय वाहन में तकनीकी खराबी आ गई थी। इसके बाद आरोपियों को पैदल ही विभिन्न स्थानों पर ले जाकर वारदात से जुड़े तथ्यों की पुष्टि करवाई गई। थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि खैरी चौक निवासी प्रवेश उर्फ मिचू, कंबोज मोहल्ला निवासी कार्तिक उर्फ कारु, दीपक उर्फ बिल्ला, वार्ड नंबर-1 निवासी संजय उर्फ चिड़ीमार तथा वार्ड नंबर-9 निवासी अमन को सचिन उर्फ चिन्ना हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि मुखबिरी के शक में हत्या करने की बात सामने आई थी।

## मंदिर के दानपात्र से चोरी कर अपना ताला लगा गया चोर

**सिरसा।** गांव गोरीवाला स्थित दादा भोमिया मंदिर में चोरी की एक अनोखी घटना सामने आई है। एक चोर ने मंदिर के दानपात्र से नकदी चुराने के बाद उस पर अपना नया ताला लगा दिया। जब 5-6 महीने बाद दानपात्र खोलने की कोशिश हुई तो चाबी नहीं लगी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पूरी वारदात सामने आ गई। फुटेज के अनुसार 23 मई को एक युवक मंदिर में प्रवेश करता है। वह कुछ ही मिनटों में दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर लेता है। इसके बाद वह अपने साथ लाया गया नया ताला दानपात्र पर लगा देता है।

# यमुना में दो बच्चों को बचाने के बाद भतीजे को लेने गया चाचा भंवर में फंसा, दोनों डूबे

- तीनों किशोर पत्थरगढ़ में यमुना में नहाने उतरे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत के गांव पत्थरगढ़ में यमुना नदी में डूबने से गांव नवादा पार निवासी 30 वर्षीय जाबिर व उसके 13 वर्षीय भतीजे आवेश पुत्र इरसाद की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आवेश अपने दो साथियों के साथ यमुना नदी में नहा रहा था। इस दौरान तीनों गहरे पानी में डूबने लगे।

तीनों का शोर सुनकर जाबिर इन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गया। जाबिर ने जैसे-तैसे दो बच्चों को बाहर निकाल लिया, जबकि आवेश पानी में बहकर दूर चला गया। जाबिर भी आवेश को बचाने के लिए गहरे पानी में पहुंच गया और आवेश को नदी से बाहर निकालना शुरू किया, इस दौराना दोनों गहरे पानी के भंवर और दलदले हिस्से में फंस गए। काफी प्रयास के बावजूद दोनों बाहर नहीं निकल सके। जाबिर व आवेश की यमुना के पानी में डूबने से मौत हो गई। इधर, ग्रामीणों ने दोनों के शवों को नदी से बाहर निकाला।

# कांग्रेस से निलंबित साढौरा विधायक रेणु बाला के पति ने भाजपा ज्वाइन की

- ऋषिपाल बोले-सैलजा को कमजोर करने के लिए हुड्डा ने क्रॉस वोटिंग में नाम उछाला
- विधायक रेणु बाला नहीं आई कार्यक्रम में नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस से निलंबित साढौरा की विधायक रेणु बाला के पति इंजीनियर ऋषिपाल को उनके समर्थकों समेत भाजपा ज्वाइन करवाई। विधायक रेणु बाला खुद इस कार्यक्रम में मौजूद नहीं रहीं। सीएम शुक्रवार को हलका साढौरा के व्यासपुर के ऐश्वर्या पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। भाजपा का पटका पहने के बाद इंजीनियर ऋषिपाल ने कहा कि कांग्रेस में विकास की नहीं कुर्सी की राजनीति थी। भाजपा में आकर अच्छा महसूस कर रहा हूं। हम सैलजा गुट से थे। सैलजा को कमजोर करने के लिए हुड्डा ने क्रॉस वोटिंग में नाम उछाला। बता दें कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले कांग्रेस के 5 विधायकों को पार्टी सस्पेंड कर चुकी है। इसके बाद से यह पांच कांग्रेसी विधायक सरकारी कार्यक्रमों में भाजपा नेताओं के साथ नजर आ रहे हैं।

## पलवल में नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बेचने का भंडाफोड़

**पलवल।** पुलिस ने नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बेचने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। मौके से नामी कंपनियों के भारी मात्रा में नकली प्रोटीन के डिब्बे बरामद किए और एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बाता गांव निवासी कुलभूषण के रूप में हुई है।हथीन सीआईए प्रभारी पीएसआई दीपक गुलिया ने बताया कि उनकी टीम एएसआई विरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पलवल बस स्टैंड के पास मौजूद थी। इसी दौरान उन्हें ग्लैनबिया कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि लोकेश कुमार ने सूचना दी कि किठवाड़ी चौक पर दुकानदार कुलभूषण अपने भाई के साथ मिलकर नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बेचता है। पुलिस ने आरोपी के महाराणा प्रताप कॉलोनी स्थित मकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान, पुलिस ने आरोपी कुलभूषण को मौके पर ही पकड़ लिया। उसके घर के अंदर से ग्लैनबिया कंपनी के 96 डिब्बे सहित भारी मात्रा में नकली प्रोटीन के डिब्बे बरामद किए गए।

## अशोक खेमका को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**चंडीगढ़।** हरियाणा कैडर के चर्चित पूर्व आईएएस अधिकारी अशोक खेमका को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से महत्वपूर्ण राहत मिली है। अदालत ने केंद्र सरकार और केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के उन आदेशों को निरस्त कर दिया, जिनके आधार पर उन्हें भारत सरकार में अतिरिक्त सचिव एवं सचिव स्तर पर एंपैनलमेंट का लाभ देने से इनकार किया गया था। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि समान परिस्थितियों में अन्य आईएएस अधिकारियों को नियमों में छूट देकर यह लाभ प्रदान किया गया है, इसलिए अशोक खेमका को इससे वंचित रखना समानता के संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है। 1991 बैच के आईएएस अधिकारी अशोक खेमका वर्ष 2010 में भारत सरकार में संयुक्त सचिव स्तर पर एंपैनल हुए थे। वर्ष 2019 में उनके बैच के कई अधिकारियों को अतिरिक्त सचिव एवं सचिव स्तर पर एंपैनल कर दिया गया, लेकिन खेमका का नाम सूची में नहीं था।

# लव मैरिज के एक साल बाद गर्भवती ने किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



एक साल पहले ही अंतरजातीय प्रेम विवाह करने वाली युवती ने शुक्रवार को नहर में कूदकर खुदकुशी कर ली। मृतका छह माह की गर्भवती थी। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से शव को नहर से बाहर निकाला। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

गांव बाकरपुर निवासी मृतका के पिता तेजपाल ने बताया कि आठ फरवरी 2025 को उसकी बेटी 25 वर्षीय शिवानी ने गांव रतनपुरा निवासी मनीष के साथ लव मैरिज की थी। उसकी परिजनों के साथ 15-20 दिन के भीतर बातचीत होती थी। शिवानी बताती थी कि सास और पति उसे बेवजह परेशान करते रहते हैं। तेजपाल ने बताया कि इंटरकास्ट मैरिज होने के कारण यह मामला थाने पहुंचा था।

इसके बाद करीब दो माह शिवानी अपने मायके में रही। बाद में थाने में फैसला हुआ तो शिवानी को दोबारा ससुराल लाया गया और 17 जून को उनकी मंदिर में दूसरी बार शादी की गई। तेजपाल ने बताया कि उन्हें शिवानी के ससुराल के पड़ोस से फोन आया था। सूचना दी गई कि शिवानी ने नहर में कूदकर सुसाइड कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## आयकर अधिनियम में संशोधन करने के लिए अध्यादेश किया जारी

# विदेशी निवेशकों के लिए सरकारी बांड से होने वाली कमाई होगी टैक्स-फ्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने रुपये पर दबाव को कम करने और विदेशी पूंजी आकर्षित करने के उद्देश्य से सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी निवेशकों को ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर आयकर से छूट दे दी है। सरकार की पांच जून की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, आयकर अधिनियम में संशोधन करने के लिए अध्यादेश जारी किया है।

**सरकार रुपये पर दबाव कम करने व विदेशी पूंजी आकर्षित करना चाह रही**

इसके तहत एक अप्रैल से सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री, विनिमय या हस्तांतरण से होने वाली ब्याज आय एवं पूंजीगत लाभ पर कर छूट प्रदान की गई है। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह छूट एक अप्रैल से प्रभावी होगी। इसका मतलब है कि यह छूट सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश के संबंध में एक अप्रैल को या उसके बाद एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों) को प्राप्त होने वाले किसी भी ब्याज या पूंजीगत लाभ पर लागू होगी।

### विदेशी निवेशकों को ब्याज आय व पूंजीगत लाभ पर आयकर छूट दी

#### छूट विदेशी संस्थागत निवेशक व बीआईएस पर लागू होगी

यह छूट विदेशी संस्थागत निवेशकों और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) पर लागू होगी। बशर्ते वे निर्धारित सूचना-खुलासा आवश्यकताओं का पालन करें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हस्ताक्षरित इस अध्यादेश में बीआईएस को 1930 में स्थापित एवं स्विट्जरलैंड के बासेल स्थित एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्था के रूप में परिभाषित किया गया है।




#### 12 माह से अधिक रखे गए बांड पर 12.5 प्रतिशत एलटीसीजी देना होगा

विदेशी निवेशकों को वर्तमान में 12 महीने से अधिक समय तक रखे गए सूचीबद्ध शेयर और बॉन्ड पर 12.5 प्रतिशत दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) देना होता है। इसके अलावा, सरकारी बॉन्ड से अर्जित ब्याज पर 20 प्रतिशत का 'विदहोल्डिंग टैक्स' (स्रोत पर कर कटौती) भी देना पड़ता है।

#### विदेशी पूंजी प्रवाह को आकर्षित करने कई उपाय

भारत को एक प्रमुख वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में मजबूत करने और पूंजी बाजार को गहरा करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, वित्त मंत्रालय ने भारत के बाहर रहने वाले लोगों और एफपीआई के लिए निवेश में आसानी बढ़ाने एवं स्थिर दीर्घकालिक विदेशी पूंजी प्रवाह को आकर्षित करने के उद्देश्य से कई उपायों को पेश किया है।

#### सॉवरेन ग्रीन बांड शामिल किया गया

इसमें कहा गया कि सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने पूर्ण पहुंच मार्ग (एफएआर) के तहत निर्दिष्ट प्रतिभूतियों की सूची का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसमें 15 वर्ष, 30 वर्ष और 40 वर्ष की अवधि वाली नई सरकारी प्रतिभूतियों के साथ-साथ सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड को भी शामिल किया जाएगा।

#### बांड होंगे अधिक आकर्षक: विशेषज्ञ

सरकार के विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लिए सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर में छूट देने के कदम से भारत सरकार के बांड अधिक आकर्षक और प्रतिस्पर्धी बनेंगे। सरकार ने विदेशी निवेशकों को डॉलर प्रवाह आकर्षित करने के उद्देश्य से एक अध्यादेश के माध्यम से यह कर छूट लागू की है।

## मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद शेयर बाजार में रही गिरावट

**मुंबई (एजेंसी)।** मौद्रिक नीति घोषणाओं के बीच शेयर बाजारों में शुक्रवार को मुनाफावसूली होने से गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 117 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी 49.85 अंक नुकसान में रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाने और महंगाई का अनुमान बढ़ाने के बीच मुनाफावसूली होने से बाजार नुकसान में रहा। साथ ही विदेशी पूंजी की निकासी और एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 116.67 अंक टूटकर 74,243.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,717.57 और नीचे में 73,988.75 अंक तक गया। इस तरह सेंसेक्स में कुल 728.82 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं निफ्टी 49.85 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,366.70 पर बंद हुआ। आरबीआई ने शुक्रवार को उम्मीद के अनुरूप प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। इसके साथ पश्चिम एशिया संघर्ष, ऊर्जा की ऊंची कीमतों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में समस्या के कारण वृद्धि और मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों के बीच विदेशी पूंजी आकर्षित करने और रुपये को समर्थन देने के लिए कई उपायों की घोषणा की गई। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''मौद्रिक नीति उम्मीद के अनुरूप रहने से घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद हुए।

## कमज़ोर वैश्विक रुख के बीच सोना 400 रुपये सस्ता हुआ, चांदी में 5,000 रुपये की गिरावट



**नई दिल्ली (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 400 रुपये घटकर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। स्थानीय बाज़ार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 400 रुपये घटकर 1,59,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रखते हुए, चांदी की कीमत 5,000 रुपये घटकर 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी 2,65,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में, हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 4,470.79 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी एक प्रतिशत से ज्यादा टूटकर 72.89 डॉलर प्रति औंस रह गई।

### इवोनिथ स्टील ने इंद्रजीत पावर का किया अधिग्रहण

(नई दिल्ली): इस्पात विनिर्माता कंपनी इवोनिथ स्टील ने दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता के तहत इंद्रजीत पावर प्राइवेट लिमिटेड का 232 करोड़ में अधिग्रहण पूरा कर लिया है। इवोनिथ स्टील ने शुक्रवार को बयान में बताया कि 85 मेगावाट की ताप विद्युत संपत्ति का यह अधिग्रहण उसकी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगा।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं. भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक | पीजीआईएमएस/पीजीआईडीएस/यूएचएसआर, रोहतक में फर्नीचर मदों के उपयोग हेतु दर अनुबंध के लिए पुनर्निविदा। | 10.06.2026 09.07.2026 | रु. 2,00,000/- | www.uhsr.ac.in | 9416615721 general@uhsr.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/45921/I/88/6 दि. 05.06.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एम.सी. महम में रोहतक-हिसार रोड पर डिवाइडर पर प्लांटेशन। | 01.06.2026 08.06.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 secy-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/45922/I/88/6 दि. 05.06.26

## पॉलिमर नोटों पर प्रस्ताव शुरुआती चरण में, अभी कोई फैसला नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पॉलिमर से बने नोट लाने का प्रस्ताव केंद्रीय बैंक के समक्ष विचाराधीन है और फिलहाल यह विचार अभी प्रारंभिक चरण में है। मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पॉलिमर नोट लाने के संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है और आरबीआई इसकी व्यवहार्यता का आकलन कर रहा है। उन्होंने कहा, पॉलिमर नोटों को लेकर प्रस्ताव विचाराधीन है। इस पर जैसे ही कोई निर्णय होता है, उसकी जानकारी दी जाएगी।

#### वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त नकदी

इस बीच, आरबीआई ने कहा कि वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त मात्रा में नकदी उपलब्ध है और एटीएम में नकदी की किसी भी तरह की किल्लत को जल्द ही पूरा किया जाएगा। गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक के पास एटीएम एवं बैंक शाखाओं में नकदी उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त भंडार है और जरूरत पड़ने पर तेजी से आपूर्ति की जाएगी।

#### 10 रुपये के पॉलिमर नोट पहले जारी होने वाले थे

इससे पहले फरवरी 2014 में सरकार ने संसद को बताया था कि 10 रुपये मूल्यवर्ग के एक अरब पॉलिमर नोटों को देश के पांच शहरों में परीक्षण के तौर पर जारी किया जाएगा।

*वाणिज्य मंत्री गोयल ने जताई संभावना*

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण जुलाई मध्य संभव

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े सभी अधूरे मुद्दों को सुलझाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और अगले महीने के मध्य तक इस समझौते का पहला चरण लागू हो जाने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिकी दल दो से चार जून तक नयी दिल्ली में था और उन्होंने भारतीय दल के साथ संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। गोयल ने कहा, ''मेरी भी उनसे मुलाकात हुई थी और हम सभी अधूरे मुद्दों को सुलझाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मुझे लगता है कि अगले महीने के मध्य तक हम समझौते के पहले चरण को बहुत अच्छे तरीके से लागू करने की स्थिति में होंगे।'' गोयल ने यहां कहा, ''यह हमारे द्विपक्षीय व्यापार समझौते का सिर्फ पहला चरण है, जिससे हमारे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत को तरजीही पहुंच मिलेगी।'' वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इस महीने के आखिर में एक उच्च-स्तरीय दल के भारत आने की उम्मीद है।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Meenu**
Civil Judge (Senior Division),
**Aarti W/o Amit Dagar**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRJR02-001227-2023
Next Date : 29.08.2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
**India**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **29.08.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar***
**Sd/- Civil Judge (Senior Division), Jhajjar**
Dated, this day of 02.06.2026

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में पीएचईडी पार्ट-2 द्वारा वर्णित विभिन्न स्थानों पर स्टॉर्म लाइन कनेक्शन और जाल हेतु आकलन (पुनः आमंत्रण)। | 03.06.2026 10.06.2026 | रु. 47.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में विभिन्न वार्डों 07,10,11,12,15,18,20,21 में नाला की गाद निकालना (पुनः आमंत्रण)। | 04.06.2026 11.06.2026 | रु. 24.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 15, एम.सी. रोहतक में अंडरपास एलएचएस 106ए (डबल-फाटक) रोहतक के प्रचालन और रखरखाव हेतु आकलन (पुनः आमंत्रण)। | 04.06.2026 11.06.2026 | रु. 21.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45938/I/88/6 दि. 05.06.26

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### रुपया 81 पैसे के उछाल से 94.93 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 81 पैसे के उछाल के साथ 94.93 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के विदेशी पूंजी प्रवाह को समर्थन देने और विदेशी मुद्रा प्रवाह मजबूत करने के लिए कदम उठाने के बाद घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.72 प्रति डॉलर पर खुला।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. जुबैर उर्फ चौधरी, पुत्रः कमाल अख्तर, निवासीः मकान नं. 1096, गली नंबर 4, ऋषिकरदम मार्ग चौहान बांगर, दिल्ली, 2.शुभम पंडित, पुत्रः घनश्याम उर्फ सुरेंद्र कुमार, निवासीः मकान नंबर। 48, बैंक कॉलोनी, डबल ट्रांसफार्मर के पास, यमुनानगर, हरियाणा** ने **FIR No. 304/2025, Date: 14.12.2025, U/s: 61(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 and 25, 25(8) Arms Act, पुलिस थाना स्पेशल सेल (काउंटर-इंटेलिजेंस), न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किये है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. जुबैर उर्फ चौधरी, 2. शुभम पंडित** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. जुबैर उर्फ चौधरी, 2. शुभम पंडित** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना स्पेशल सेल (काउंटर-इंटेलिजेंस), न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. जुबैर उर्फ चौधरी, 2. शुभम पंडित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने कें लिए दिनांक **13.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मृदुल गुप्ता
मुख्य न्यायिक न्यायाधीश, भूतल,
एनेक्स बिल्डिंग, कमरा नंबर 26
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/7186/Spl.Cell/2026

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 03.06.2026; वरिष्ठ मंडल अभियंता/I/सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं.-44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक 1, निविदा सं.: टीएन-97-26-27; कार्य का नामः बेलघरिया-बेलघरिया स्टेशन में नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम द्वारा वर्तमान पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम का प्रतिस्थापन। निविदा मूल्यः रु. 1,08,46,332.70; ईएमडीः रु. 2,16,900; क्रमांक 2, निविदा सं.: टीएन-99-26-27; कार्य का नामः सहायक अभियंता/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अधीन एसएसई/पीडब्ल्यू/सियालदह अनुभाग में एनसीसी पिट लाइन सं. 2, 5, 7, 8 एवं एनएसएस यार्ड लाइन सं. 2, 4, 5, 6, 8 में बीएलटी ट्रैक का मजबूतीकरण। निविदा मूल्यः रु. 91,05,385.70; ईएमडीः रु. 1,82,100; कार्य समापन अवधिः 09 (नौ) महीने (क्रमांक 1 के लिए) तथा 06 (छह) महीने (क्रमांक 2 के लिए)। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः दोनों के लिए 16.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समयः दोनों के लिए 16.06.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (SDAH-68/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई-नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|
| UMB-Prkg-15-26 | सरसावा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 407.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | 16-06-26 12:00:00 |
| | गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 522.38 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | साइट प्लान के अनुसार, स्टेशन बिल्डिंग के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 507 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का एक बड़ा पार्किंग लॉट और रामपुरा फूल (PUL) रेलवे स्टेशन के दूसरे एंट्री पॉइंट पर कुल 386.82 वर्ग मीटर का टू-व्हीलर पार्किंग लॉट। | |
| | बरारा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 501.61 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | टापा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 344.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | सहारनपुर में टी2 कॉलोनी पार्क के पास कुल 1133 वर्ग मीटर क्षेत्र वाला एक बड़ा पार्किंग लॉट। | |
| | शिमला रेलवे स्टेशन पर बाबा भालकू रेल म्यूजियम के अंदर 2071.57 वर्ग मीटर क्षेत्र का व्यापक पार्किंग लॉट (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | सहारनपुर रेलवे स्टेशन के दूसरे एंट्री पॉइंट पर ड्राइवर/गार्ड रनिंग रूम (लकड़ी का पुल के पास) के सामने, कुल 1277 वर्ग मीटर एरिया वाला एक बड़ा पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 2384.74 वर्ग मीटर पार्किंग एरिया में सभी तरह की गाड़ियों (कमर्शियल और नॉन-कमर्शियल) के लिए "पिकअप/ड्रॉप" लेन (एंट्री से एग्जिट तक) के साथ कॉम्प्रिहेंसिव पार्किंग और एक्सेस कंट्रोल अधिकार आवंटित करना। | |

1935-2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसन्धान परिषद्**
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार
जवाहर लाल नेहरू भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसन्धान भवन
61-65, सांस्थानिक क्षेत्र, सम्मुख 'डी' ब्लाक, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
**CENTRAL COUNCIL FOR RESEARCH IN AYURVEDIC SCIENCES**
Ministry of Ayush, Govt. of India
Jawahar Lal Nehru Bhartiya Chikitsa Evam Homoeopathy Anusandhan Bhawan
61-65, Institutional Area, Opp. 'D' Block, Janakpuri, New Delhi-110058
EPBX 28525852 28520501 28522524 28525831 28525862 28525883 28525897 28525488 28525991

**विंडो विज्ञापन सं. 02/2026**

केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसन्धान परिषद् (सीसीआरएएस) एम्प्लॉयमेंट न्यूज में प्रकाशन की तिथि से साठ दिन के अंदर केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसन्धान परिषद् (सीसीआरएएस), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति आधार पर निजी सचिव, स्टेनोग्राफर ग्रेड-I, अकाउंटेंट और अपर डिवीजन क्लर्क्स के पदों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन उपयुक्त चैनल के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में जमा करवाए जा सकते हैं। इस सम्बन्ध में विवरण सीसीआरएएस की वेबसाइट (www.ccras.nic.in) पर उपलब्ध हैं।

हस्ता/-
प्रशासनिक अधिकारी (भर्ती)

सीबीसी-17216/11/0002/2627

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | एसीएसआर डॉग कंडक्टर 100 वर्ग मिमी. (हिसार)। | 01.06.2026 30.06.2026 | रु. 9.09 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 1662223061 semm@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | एसीएसआर वुल्फ कंडक्टर 150 वर्ग मिमी. (हिसार)। | 01.06.2026 30.06.2026 | रु. 7.77 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 1662223061 semm@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45924/I/88/6 दि. 05.06.26

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6248




**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

### शब्द पहेली- 6247 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |



## केरल हाईकोर्ट में पूर्व सीएम विजयन की बेटी के धोखाधड़ी मामले में सुनवाई

# ईडी मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में बिना एफआईआर कार्रवाई कर सकेगी

## कोचीन मिनरल्स और राजनीतिक जुड़ाव का मामला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल हाईकोर्ट से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक बड़ी कानूनी और रणनीतिक सफलता मिली है, जिसे राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी से जुड़े कथित वित्तीय लेनदेन मामले में एक तगड़े झटका लगा है। हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत ईडी की व्यापक जांच शक्तियों को पूरी तरह से हरी झंडी दे दी है।

अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जांच एजेंसी को मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में अपनी कार्रवाई शुरू करने या कुर्की जैसी सिविल प्रक्रिया अपनाने के लिए किसी अनुसूचित अपराध में पहले से आधिकारिक एफआईआर या शिकायत दर्ज होने का इंतजार करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। अदालत ने अपने निर्णय में मनी लॉन्डिंग मामले की सूचना रिपोर्ट यानी (ईसीआईआर) की कानूनी स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट किया है। माननीय न्यायाधीश ने कहा कि ईसीआईआर को पुलिस द्वारा दर्ज की जाने वाली एफआईआर के समकक्ष नहीं माना जा सकता है। यह महज ईडी की एक आंतरिक और गोपनीय प्रक्रिया का हिस्सा है जिसका मुख्य उद्देश्य किसी भी संभावित वित्तीय हेराफेरी या धन शोधन की जांच शुरू करने का एक प्रशासनिक रिकॉर्ड बनाए रखना है। इसलिए प्रारंभिक स्तर पर ही इसके अधिकार क्षेत्र को चुनौती देना पूरी तरह से न्यायसंगत नहीं है।

हाईकोर्ट ने जांच एजेंसी को खुली छूट दी




### 2019 में सर्च ऑपरेशन चलाया गया था

यह पूरा विवाद मुख्य रूप से मैसर्स कोचीन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) नाम की एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी से जुड़ा हुआ है जो एरनाकुलम के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज में रजिस्टर्ड है। साल 2019 में आयकर विभाग ने इस कंपनी के परिसरों, इसके प्रबंध निदेशक और कुछ बेहद खास कर्मचारियों के ठिकानों पर धारा 132 के तहत एक बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसके बाद कंपनी को असेसमेंट ईयर 2013-14 से लेकर 2019-20 तक के लिए नोटिस जारी किए गए थे। हालांकि, बाद में कंपनी ने सेटलमेंट कमीशन का रुख किया, जहां से उन्हें अभियोजन से कुछ अंतरिम राहत या इम्युनिटी मिलने की बात सामने आई थी।

### 2023 में जांच की उठी थी मांग

इस पूरे मामले में नया मोड़ तब आया जब 25 सितंबर 2023 को शोन जॉर्ज नामक व्यक्ति ने कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के समक्ष एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत में कंपनी के मामलों और मुख्यमंत्री की बेटी की फर्म के साथ हुए कथित वित्तीय लेनदेन की गहन जांच करने की मांग उठाई गई थी। इसके बाद जब ईडी ने इस मामले में अपनी सक्रियता बढ़ाई और समन जारी किए, तो अपीलीय पक्षों द्वारा इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याचिकाकर्ताओं का मुख्य तर्क यही था कि जब तक किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा मूल अपराध में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की जाती, तब तक ईडी को पीएमएलए की धारा 50 के तहत समन जारी करने या दस्तावेज मांगने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है।

### ईडी निदेशक मामलों की समीक्षा को पहुंचे केरल

**कोच्चि (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक राहुल नवीन इस केंद्रीय एजेंसी की कोच्चि शाखा द्वारा जांच किये जा रहे मामलों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को केरल पहुंचे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन मामलों में खनन कंपनी सीएमआरएल और पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी वीना टी की अब बंद हो चुकी कंपनी एक्सालॉजिक के साथ उसके वित्तीय लेन-देन से संबंधित मामला भी शामिल है। ईडी प्रमुख का यह दौरा 27 मई के हमले के मद्देनजर हो रहा है। सीएमआरएल-एक्सालॉजिक मामले के सिलसिले में 27 मई को विजयन के किराए के एक मकान में तलाशी के बाद जब ईडी अधिकारी वहां से निकले तब उन पर हमला किया गया। सूत्रों के अनुसार, ईडी निदेशक शनिवार को दिल्ली लौटेंगे।

## सस्ती होने की वजह से धारणा बना बैठे हैं लोग, स्टडी में खुलासा

# जेनेरिक भी ब्रांडेड दवाओं जितनी असरदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेनेरिक दवाओं के बारे में अगर आपकी राय नेगेटिव (नकारात्मक) है तो आज से बदल लीजिए। जेनेरिक दवाएं भी उतनी ही असरदार और क्वॉलिटी वाली होती हैं, जितनी किसी ब्रांडेड या बड़ी कंपनी की दवा। ब्रांडेड के मुकाबले तो खैर सस्ती होती ही हैं। सस्ती होने की वजह से लोग धारणा बना बैठे थे कि जेनेरिक दवाएं उतनी असरदार नहीं होती हैं, जितनी ब्रांडेड या नामी कंपनियों की दवाइयां। केरल की फ्रंटियर फॉर्माकॉलोजी ने 131 जेनेरिक दवा नमूनों का क्वॉलिटी टेस्ट ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले में किया। पाया गया कि जेनेरिक दवाएं परीक्षण में ब्रांडेड दवाइयों जितनी ही असरदार थीं। केरल की फ्रंटियर्स इन फॉर्माकॉलोजी संस्था ने डॉ एब्बी फिलिप्स और सात डॉक्टरों के नेतृत्व में एक स्टडी की है।

### *मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में हुई जांच*



*इसके बाद सभी नमूनों को कोडिंग और रैंडम प्रक्रिया के तहत एक शीर्ष मान्यता प्राप्त लेबोरेट्री में भेजा गया, जहां उनका कठोर परीक्षण किया गया। इस अध्ययन की खास बात यह थी कि इससे पहले बहुत कम शोध ऐसे हुए हैं जिनमें एक ही बाजार से खरीदी गई ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं की सीधे तुलना की गई हो जिसमें गुणवत्ता परीक्षण के साथ-साथ कीमतों का भी विस्तृत विश्लेषण किया गया हो।*

### *नमूने गुणवत्ता के हर परीक्षण में सफल पाए*

*अध्ययन के नतीजे बेहद स्पष्ट और चौंकाने वाले थे। जांचे गए सभी 131 दवा नमूने गुणवत्ता के हर परीक्षण में सफल पाए गए। यानी सफलता दर 100 प्रतिशत रही। दवा जेनेरिक थी या ब्रांडेड, सस्ती थी या महंगी, इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। सभी दवाओं में सक्रिय औषधीय तत्व की मात्रा, शुद्धता और शरीर में घुलने की क्षमता समान रूप से मानकों के अनुरूप पाई गई।*

## कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर आज लौटेंगे

■ सरकार के खिलाफ जंतर-मंतर में प्रदर्शन करेंगे



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया कैंपेन कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके छह जून की सुबह भारत पहुंचने वाले हैं। इस बारे में उनकी पार्टी के एक्स हैंडल कॉकरोच इज बैक से पोस्ट किया गया, 6 जून, सुबह 9 बजे- मिलते हैं कल, साथी कॉकरोचों। हम धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा लेकर रहेंगे। अब समय आ गया है कि इस छोटे-से मज़ाक को एक आंदोलन में बदल दिया जाए। दिल्ली की सड़कों पर शांतिपूर्ण और प्रेमपूर्ण असहमति के साथ बड़ी संख्या में जुटने के लिए तैयार हो जाइए। लेकिन याद रखिए कि क्या करना है और क्या नहीं करना है। इससे पहले अभिजीत दीपके ने कहा कि वो शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देंगे। वो दिल्ली पुलिस की अनुमति के बिना ये धरना प्रदर्शन कैसे होगा।

## पतंजलि और इंडोनेशिया के हिंदू विवि में ऐतिहासिक समझौता



हरिद्वार। सनातन संस्कृति, योग और आधुनिक शिक्षा के वैश्विक विस्तार में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। पतंजलि योगपीठ और इंडोनेशिया के एकमात्र हिंदू विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी हिंदू नेगरी के बीच इंडोनेशिया में एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू ) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह साझेदारी न केवल दोनों देशों के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान के सेतु का निर्माण करेगी, बल्कि बाली की धरती पर सनातन और योग के वैभव को पुनर्जीवित करने में मील का पत्थर साबित होगी। पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण की अगुवाई में हुआ यह समझौता वैश्विक स्तर पर संस्कृति आधारित विकास का एक अनूठा मॉडल पेश करता है।शैक्षणिक और योग अनुसंधान पर सहमति- इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए 'स्ट्रेट सेशन' (सीधे सत्र) के साथ-साथ अनुसंधान और योग प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन पर सहमति बनी है।

Letter No/Estt/2026/790 Dated:- 05-06-2026

**Short Term Tender Notice**

District Ayurvedic Officer, CHARKHI DADRI inviting sealed tenders for the **Purchase of 2500 T-Shirts round neck and collar (WHITE COLOR) (Quantity may change upto 20% on higher side and upto 20% on lower side) of GSM 160 & 38,40,42& 44 size with logo of Haryana Govt. and International Yoga Day 2026. T-shirts are to be supplied on or before 17-06-2026.** The colour, sample of T-Shirt & Logo will be shown on the date of opening of tender. Also tenders are invited for Tentage arrangements as per requirement on 19 and 21 June 2026. The Tender fee is Rs. 1000/- and the Earnest Money Deposit is Rs. 20000/- in the form of Demand Draft in favour of District Ayurvedic Officer, CHARKHI DADRI. Detailed DNIT can be obtained from O/o Distt. Ayurvedic Officer, CHARKHI DADRI by hand/ by Email or can be downloaded from website of District Administration **"charkhidadri.gov.in"**. Under signed may be contacted for any information or change. Technical Bid and Financial Bid must be submitted separately.

| | |
|---|---|
| **Tender ID** | **DAO/CKD/IYD/2026/** |
| **Last Date and time of Bid Submission by registered post or By Hand** | **12-06-2026 upto (2:00 PM) in office of District Ayurvedic Officer, Kisan Model School Room No. 15 Bhairvi, CHARKHI DADRI-127306.** |
| **Tender Opening Date.** | **Technical bid on 12-06-2026 (03:00 PM) Financial Bid on 12-06-2026 (05:00 PM)** |
| **Place of opening of tender** | **O/o City Magistrate, Ground Floor, Mini Secretariat, CHARKHI DADRI-127306** |

**Sd/-District Ayurvedic Officer,**
**Charkhi DADRI**

## खबर संक्षेप

### 'सुरहा ताल' बना देश का 100वां रामसर स्थल



**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जमें स्थित जय प्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य (जिसे सुरहा ताल के नाम से भी जाना जाता है) को देश का 100वां रामसर स्थल (आर्द्रभूमि) घोषित किया गया है। यह ऐतिहासिक घोषणा विश्व पर्यावरण दिवस पर की गई थी। भारत दुनिया में अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

### हिमंत कैबिनेट विस्तार 12 नए मंत्री शामिल



**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा शुक्रवार को कैबिनेट विस्तार किया। इस बार कैबिनेट में 12 और नाम जुड़े। जो नए मंत्री शामिल किए गए हैं, उनमें पीयूष हजारिका से लेकर सुशांत बोरगोहेन जैसे अनुभवी नेताओं के नाम शामिल हैं। इसके अलावा एक महिला नेता- नीलिमा देवी को भी कैबिनेट का हिस्सा बनाया है।

### जीजा की नियुक्ति, केरल के मंत्री ने दी सफाई



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के बिजली मंत्री सनी जोसेफ ने शुक्रवार को जीजा को निजी स्टाफ में नियुक्त करने के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उनके लोक सेवा के रिकॉर्ड के आधार पर लिया गया था, न कि पारिवारिक संबंधों के आधार पर। मंत्री ने कहा कि वे एक अच्छे लोक सेवक हैं।

### रामलला के दरबार में पहुंचे थल सेना प्रमुख



**अयोध्या।** भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को निजी दौरे पर अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन कर देश की सुरक्षा, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

## इंडिया गठबंधन की बैठक में डीएमके शामिल नहीं होगी

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि कांग्रेस ने एक्टर विजय की पार्टी टीवीके को समर्थन देकर डीएमके के साथ धोखा किया है। वे कांग्रेस के इस विश्वासघात को कभी नहीं भूलेंगे। गुरुवार को चेपॉक-ट्रिप्लिकेन निर्वाचन क्षेत्र में एक धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए उदयनिधि ने कहा- चुनाव के बाद कांग्रेस के जितने भी विधायक जीते। वे डीएमके लीडर से मिलने तक नहीं आए। इस बीच डीएमके ने 8 जून को दिल्ली में होने वाली इंडिया ब्लॉक की बैठक में नहीं जाने का फैसला लिया है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, डीएमके गठबंधन का हिस्सा थी। चुनाव के बाद कांग्रेस के पांच विधायकों ने टीवीके को समर्थन दे दिया।



■ उदयनिधि बोले- कांग्रेस पार्टी ने हमें धोखा दिया

## कोलकाता हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार को लगाई फटकार

कमर में रस्सी बांधकर घुमाने पर सख्त

# दोषी है तो फांसी दे दो, सड़क पर तमाशा न बनाएं, लिखित रिपोर्ट दें

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस की सख्त कार्रवाई को लेकर पूरे राज्य में चर्चा रही है। पुलिस की इस कथित 'अतिसक्रियता' या 'सड़क पर न्याय' की प्रवृत्ति अब एक बड़े कानूनी और संवैधानिक सवाल के घेरे में आ गई है। अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारी और सुवेंदु सरकार को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने गिरफ्तार आरोपियों की कमर में रस्सी बांधकर उन्हें इलाके में घुमाने



की पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर नाराजगी जताई है। जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस जॉयसेन गुप्ता और जस्टिस मीता दास की बेंच ने राज्य सरकार से 3 सप्ताह के अंदर विस्तृत और लिखित रिपोर्ट मांगी है।

### पुलिस किसी का सम्मान नहीं छीन सकती

हाईकोर्ट ने कानूनी कार्रवाई और सार्वजनिक अपमान के बीच स्पष्ट अंतर रेखांकित किया। अदालत ने माना कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना प्रशासन का अधिकार है, लेकिन इसके नाम पर किसी व्यक्ति की गरिमा और मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता। किसी व्यक्ति के खिलाफ गंभीर आरोप हो सकते हैं। लेकिन उसके साथ गरिमा और सम्मान का व्यवहार करें।

## सियासी पारा गरमः कर्नाटक और पश्चिम बंगाल बंगाल में बगावती तेवर

# मंत्री रामलिंगा के इस्तीफे के बाद 'मनौव्वल' में जुटे डीके

### मुख्यमंत्री बोले- उनकी बात सुनी जाएगी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार में विभागों के बंटवारे के बाद पैदा राजनीतिक विवाद अब कांग्रेस नेतृत्व के लिए बड़ी चुनौती बनता दिख रहा है। मंत्री रामलिंगा रेड्डी के इस्तीफे के बाद से ही सरकार डैमेज कंट्रोल की कोशिश में जुट गई है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मंत्री प्रियंक खरगे ने साफ किया है कि पार्टी इस मामले को बातचीत से सुलझा लेगी। कांग्रेस नेतृत्व अब इस पूरे विवाद को शांत करने में जुट गया है ताकि सरकार और संगठन दोनों पर इसका असर न पड़े।कर्नाटक मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा किया गया था। इस दौरान रामलिंगा रेड्डी को जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी दी गई। रेड्डी संतुष्ट नहीं थे।



**मुख्यमंत्री डीके ने अपना करीबी बताया**

डीके ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने रामलिंगा रेड्डी को अपना करीबी दोस्त बताया। कैबिनेट में हम सबसे करीबी दोस्तों में हैं। हम इस समस्या को सुलझा लेंगे। बातचीत के जरिए समाधान निकाला जाएगा।

## 'फिर भी' टीएमसी की अध्यक्ष बनीं ममता

# अभिषेक को बनाया महासचिव स्पीकर के फैसले को देंगी चुनौती

कोलकता। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बेनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर बैठक हुई, जिसमें बहुत कम नेताओं को बुलाया गया था। बैठक में ममता ने फिर भतीजे अभिषेक के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। बागी विधायकों के विरोध के बावजूद अभिषेक को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। ममता राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी रहेंगीं। पार्टी के बागी विधायक ऋतब्रत बेनर्जी को बंगाल विधानसभा के स्पीकर द्वारा नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिए जाने के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में चुनौती देंगी। **कई विधायकों से फोन पर की बात :** ममता ने हावड़ा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर के कई विधायकों से सीधे फोन पर संपर्क किया है। इनमें वे विधायक भी शामिल हैं जो हाल के दिनों में रिताब्रत के नेतृत्व वाले बागी खेमे की बैठकों में नजर आए थे। पार्टी में आशंका है कि अगर माननीयों को नहीं मनाया गया तो टीएमसी में और टूट हो सकती है।



### ममता ने पठान से मांगा इस्तीफा, सांसद का इनकार

टीएमसी पार्टी को बचाने के लिए ममता बनर्जी खुद लोकसभा जाना चाहती हैं। ममता बनर्जी ने बेहरामपुर से चुनाव लड़ने के लिए युसूफ पठान से इस्तीफा देने को कहा, जिसे पूर्व क्रिकेटर ने खारिज कर दिया। बेहरामपुर में 70 फीसदी मुसलमान वोटर हैं। पठान ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को हराया था।

# 2029 के चुनाव से परिसीमन की तैयारी

## केंद्र सरकार की क्षेत्रीय दलों के साथ बातचीत कर आम सहमति बनाने की कोशिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2029 से पहले केंद्र सरकार देश में परिसीमन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की तैयारी में जुट गई है। इस दिशा में राजनीतिक सहमति बनाने के लिए सरकार ने विभिन्न क्षेत्रीय दलों के साथ बातचीत तेज कर दी है। माना जा रहा है कि सरकार इस संबंध में नया विधेयक लाने की संभावना पर भी विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार, परिसीमन जैसे संवेदनशील मुद्दे पर व्यापक सहमति बनाने के लिए कई राजनीतिक दलों से संपर्क किया गया है। इनमें द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस जैसे प्रमुख क्षेत्रीय दल शामिल हैं। अन्य दलों के साथ भी चर्चा का दौर जारी है ताकि प्रक्रिया को लेकर किसी तरह का विवाद पैदा न हो।

### *सीटों के पुनर्वितरण से राज्यों के प्रतिनिधित्व में बदलाव संभव*

### बड़े स्तर पर बदलाव

यदि यह कवायद सफल होती है तो कई दशकों बाद संसदीय क्षेत्रों की सीमाओं और सीटों के वितरण में बड़े स्तर पर बदलाव देखने को मिल सकता है। इससे राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व के मौजूदा संतुलन पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल लोकसभा सीटों का वितरण 1971 की जनगणना के आधार पर तय व्यवस्था पर टिका हुआ है। लोकसभा में वर्तमान में 543 निर्वाचित सदस्य हैं, लेकिन परिसीमन लागू होने की स्थिति में राज्यों की जनसंख्या के अनुसार सीटों के पुनर्वितरण का रास्ता खुल सकता है।

### राज्यों की चिंताओं को ध्यान में रखा

सरकारी सूत्रों का कहना है कि केंद्र उन राज्यों की चिंताओं को भी ध्यान में रख रहा है, जिन्होंने वर्षों में जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है। सरकार ऐसे फॉर्मूले पर काम कर रही है, जिसे विभिन्न राज्यों और राजनीतिक दलों की स्वीकृति मिल सके। केंद्र का मानना है कि परिसीमन को राजनीतिक टकराव का विषय बनने से बचाने के लिए सहमति आधारित मॉडल जरूरी है। इसी वजह से बातचीत का फोकस निष्पक्ष प्रतिनिधित्व और राज्यों की आशंकाओं को दूर करने पर रखा गया है। बताया जा रहा है कि अब तक हुई चर्चाओं में सकारात्मक संकेत मिले हैं। सरकार व्यापक सहमति बनने के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2029 के आम चुनाव से पहले परिसीमन देश की सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं में से एक साबित हो सकता है।

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

संख्याः– एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी.–04–2026–27 दिनांक : 04.06.2026

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | OT-10/ 2026-27 | रेहैबिलिटेशन ऑफ डाटा लॉगर (डी. एल.) एण्ड फॉल्ट एनालिसिस सिस्टम(एफ ए एस ) ओवर अंबाला डिविजन | 02.07.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 10044982.79/- | Rs. 200900/- | 180 दिन |
| 2 | OT-11/ 2026-27 | एस & टी वर्क इन कनेक्शन विद 1). कन्स्ट्रक्शन ऑफ 2 लेन आर ओ बी इन ल्यू ऑफ एल सी –06 एट के एम 12/2–3 ऑन जाखल – हिसार सेक्शन नीयर जमालपुर सेखा 2). प्रोविजन ऑफ वन हुक प्लेसमेंट ऑफ हाफ गुडज रैक एट गुडज साइडिंग एट बस्सी पठाना (बी एस पी एन ) स्टेशन ऑफ अंबाला डिविजन 3) कन्स्ट्रक्शन ऑफ 2 नंबर एल एच एस (5m x 5m) बाइ पुशिंग इन ल्यू ऑफ सी–18 एट के एम 29/1–2 & एल सी –59 एट के एम 77/15–78/0 ऑन जाखल हिसार सेक्शन 4) रेपलकमेंट ऑफ गर्डर विद पी एस सी स्लैब & स्ट्रेंग्थेनिंग ऑफ सबस्ट्रक्चर ऑफ ब्रिज सं. 190, 197ए–1, 220ए, 232 धुरी– जाखल ब्रिज सं. 49 जाखल –हिसार ब्रिज सं. 30, 82, 135 लुधियाना –धुरी ब्रिज सं 60–ए, 100 राजपुर –धुरी 221, 292 धुरी– भटिंडा & 143 भटिंडा - श्रीगंगा नगर सेक्शन 5) प्रोविजन ऑफ 3 एम एफ ओ बी एट बरवाला (बी एक्स सी). | 02.07.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 5233706.01/- | Rs. 104700/- | 180 दिन |
| 3 | OT-12/ 2026-27 | i) सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद यार्ड इम्प्रूमेन्ट अन्डर जुरिस्डिक्शन ऑफ ए. डी. ई. एन / सी डी. जी., (ii) सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद यार्ड इम्प्रूमेन्ट अन्डर जुरिस्डिक्शन ऑफ ऐ डी ई एन /अंबाला । (iii) सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद यार्ड इम्प्रूमेन्ट वर्क्स इन 20 यार्डस अन्डर सीनियर डी. ई. एन/iv/अंबाला | 02.07.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 9048084.67/- | Rs. 181000/- | 180 दिन |
| 4 | OT-13/ 2026-27 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद 1) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग नंबर 4 एट किमी. 4.257 फ्रॉम बी टू स्पेशल क्लास ऑन सरहिन्द– अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला डिविजन (2) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग नंबर 90 / बी 3 एट किमी 105.682 फ्रॉम बी क्लास टू स्पेशल क्लास ऑन सरहिन्द– अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला (3) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग नंबर 91 / बी 4 एट किमी. 106.885 फ्रॉम बी क्लास टू स्पेशल क्लास ऑन सरहिन्द-अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला डिविजन | 02.07.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 5129242.29/- | Rs. 102600/- | 180 दिन |
| 5 | OT-14/ 2026-27 | 1. प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी सर्वेलांस सिस्टम एट आर.पी.एफ. पोस्ट्स/आउट पोस्ट्स हैंविंग कवरेज ओवर स्पेस प्रोवाइडिड फॉर कीपिंग एकूज्ड एण्ड इंटेरोगेशन परपज। 2. एक्सपेन्शन ऑफ सीसीटीवी सर्वेलांस नेटवर्क इन रेलवे हॉस्पिटल अंबाला डिविजन। | 02.07.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 9507636.25/- | Rs. 190200/- | 180 दिन |
| 6 | OT-15/ 2026-27 | प्रोविजन ऑफ क्लॉक्स एट एन.एस.जी.–3, एन.एस.जी.–4, एन.एस.जी.–5 & एन.एस.जी.–6 कैटेगरी स्टेशनस ओवर अंबाला डिविजन। | 02.07.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 8591446.13/- | Rs. 171800/- | 270 दिन |
| 7 | OT-16/ 2026-27 | दा वर्क फॉर काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मैंटनन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ एम / एस सीमेंस मेक वेस्टरेस इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग सिस्टम ओवर अंबाला डिविजन फॉर थ्री एयर्स | 02.07.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 38065987.44/- | Rs. 761300/- | 36 महीने |

**नोटः**– वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी. / उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्थी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करे। 1. टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें । 2. निविदाकारो को ई–टेण्डरिग मे भाग लेने के लिए उनके पास क्लास III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्ट्स में दी गई हिदायतों / शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।

**1918/26**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था पर संकट नहीं, चुनौतियां बरकरार

भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपनी मजबूती और लचीलापन साबित किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जिसके परिणामस्वरूप पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 7.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनावों, खाड़ी संकट और व्यापारिक चुनौतियों के बीच यह प्रदर्शन न केवल उत्साहवर्धक है, बल्कि भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भी बनाए रखता है। भारत का घरेलू उपभोग मजबूत हुआ है। बता दें कि 2025-26 वह साल रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। 50 फीसदी टैरिफ तक ट्रंप ने भारत पर लगाया, लेकिन तमाम बाधाओं को पार करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इन आंकड़ों से संतोष का भाव अवश्य पैदा होता है, लेकिन इसके साथ कुछ महत्वपूर्ण संकेतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चौथी तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की वृद्धि दर का 12.8 प्रतिशत से घटकर 7.3 प्रतिशत पर आना बताता है कि उत्पादन गतिविधियों में अपेक्षित गति नहीं बनी हुई है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि रोजगार सृजन, निर्यात वृद्धि और औद्योगिक विस्तार का आधार यही क्षेत्र माना जाता है। यदि विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार कमजोर पड़ती है तो दीर्घकाल में इसका असर रोजगार और आय वृद्धि पर भी दिखाई दे सकता है। वर्ष 2026 की चुनौतियां और बड़ी हैं। तेल की बढ़ती कीमतें और इस बार कमजोर मानसून किसानों और लोगों की जेब पर असर डाल रहा है। इससे जहां उत्पादन प्रभावित हो सकता है, वहीं सरकारी खजाने पर भी दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में सरकार के लिए कई गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस वित्त वर्ष में जीडीपी पूर्वानुमान में 30 बीपीएस की कटौती कर 6.9% से घटाकर 6.6% तक कर दिया है। यदि खाड़ी संकट जल्द हल नहीं हुआ तो आने वाले समय में यह अनुमान और भी कम हो सकता है। इससे सरकार के सामने रोजगार सृजन, निवेश और विनिर्माण क्षेत्र में संकट पैदा हो सकता है। हालांकि आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखकर संकेत दिया है कि सरकार पैनिक नहीं है और अर्थव्यवस्था दबाव में नहीं है, लेकिन कमजोर मानसून और अर्थव्यवस्था के लिए कई चुनौतियां बरकरार हैं। दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अगले वित्त वर्ष में विकास दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान यह संकेत देता है कि आगे का रास्ता पूरी तरह आसान नहीं है। वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता, मांग में उतार-चढ़ाव और निवेश संबंधी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। ऐसे में सरकार और उद्योग जगत दोनों को विकास की गति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। कुल मिलाकर मौजूदा आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था किसी संकट में नहीं है और उसकी बुनियाद मजबूत बनी हुई है, लेकिन केवल ऊंची विकास दर ही पर्याप्त नहीं है। वास्तविक सफलता तब मानी जाएगी, जब आर्थिक वृद्धि के साथ रोजगार, आय, निवेश और जीवन स्तर में भी व्यापक सुधार दिखाई दे। इसलिए उपलब्धियों का स्वागत करते हुए चुनौतियों के प्रति सजग रहना ही समय की मांग है।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# मुश्किलों के बीच सुधार के भी संकेत

> सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग में वृद्धि, जीएसटी संग्रह में स्थिरता और कंपनियों के बेहतर मुनाफे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अर्थव्यवस्था में मांग और उत्पादन दोनों स्तरों पर गति बनी हुई है। फिर भी यह सुधार पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं है। घरेलू और बाहरी दोनों मोर्चों पर मौजूद चुनौतियां ताकीद करती हैं कि विकास की मौजूदा रफ्तार को स्थायी बनाने के लिए सतर्क नीति, संतुलित खर्च और लागत नियंत्रण जरूरी है। मई में भारत के सेवा क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 पर पहुंच गया, जो पिछले 6 महीनों का उच्चतम स्तर है।

वैश्विक अनिश्चितताओं, महंगाई के दबाव, आपूर्ति शृंखला की बाधाओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था से कुछ उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं। सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग में वृद्धि, जीएसटी संग्रह में स्थिरता और कंपनियों के बेहतर मुनाफे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अर्थव्यवस्था में मांग और उत्पादन दोनों स्तरों पर गति बनी हुई है। फिर भी यह सुधार पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं है।

घरेलू और बाहरी दोनों मोर्चों पर मौजूद चुनौतियां ताकीद करती हैं कि विकास की मौजूदा रफ्तार को स्थायी बनाने के लिए सतर्क नीति, संतुलित खर्च और लागत नियंत्रण जरूरी है। मई में भारत के सेवा क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 पर पहुंच गया, जो पिछले 6 महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई में 50 से ऊपर का स्तर विस्तार का संकेत है। यह आंकड़ा बताता है कि सेवा क्षेत्र में कारोबार, मांग और उत्पादन की गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। यह वृद्धि केवल घरेलू मांग तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारत से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की विदेशी मांग में भी सुधार दिखा। अप्रैल में आई गिरावट के बाद अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों में फिर से बढ़ोतरी दर्ज होना सकारात्मक संकेत है। सेवा क्षेत्र की मजबूती कई कारणों से महत्वपूर्ण है। भारत की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का बड़ा योगदान है और रोजगार सृजन से लेकर निर्यात आय तक इसके असर व्यापक हैं। मई में माल ढुलाई, डिजिटल समाधान, ई-कॉमर्स, मनोरंजन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसी सेवाओं की मांग बढ़ी। इसका सीधा असर कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों पर पड़ा और कई कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि भी की। रोजगार के मोर्चे पर यह संकेत आश्वस्त करने वाला है, क्योंकि विकास तभी व्यापक माना जाता है जब उसका लाभ रोज़गार और आय वृद्धि के रूप में आम लोगों तक पहुंचे। हालांकि, रोजगार वृद्धि में मामूली वृद्धि देखी गई है, क्योंकि 7 प्रतिशत से कम कंपनियों ने नई भर्ती की सूचना दी, जबकि अधिकांश कंपनियों ने अपने कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया। इसका अर्थ यह है कि रोजगार सृजन का रुझान सकारात्मक जरूर है, पर उसे संतोषजनक नहीं माना सकता। भारत जैसे बड़े श्रम-प्रधान देश में केवल सेवा क्षेत्र की चुनिंदा कंपनियों की भर्ती पर्याप्त नहीं है। रोजगार वृद्धि को टिकाऊ बनाने के लिए विनिर्माण, निर्माण, कृषि-आधारित उद्योगों और छोटे उद्यमों में भी मांग और निवेश का विस्तार जरूरी है। औद्योगिक मोर्चे पर भी कुछ बेहतर संकेत दिखाई दे रहे हैं। अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक यानी आईआईपी की वृद्धि दर 4.9 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.2 प्रतिशत थी। इस सुधार में सबसे बड़ा योगदान विनिर्माण क्षेत्र का रहा, जिसकी वृद्धि दर अप्रैल में 6.2 प्रतिशत तक पहुंच गई। बिजली और गैस क्षेत्र में भी वृद्धि दर्ज की गई। यह संकेत देता है कि उत्पादन गतिविधियां धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही हैं। उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में सुधार और पूंजीगत वस्तुओं की वृद्धि दर का 16 प्रतिशत तक पहुंचना खास तौर पर महत्वपूर्ण है। पूंजीगत वस्तुओं की



मांग बढ़ना इस बात का संकेत है कि कंपनियां भविष्य की मांग को लेकर कुछ हद तक आश्वस्त हैं और वे विस्तार की तैयारी कर रही हैं। फिर भी, मौजूदा सकारात्मक संकेत को स्थायी नहीं माना जा सकता है। एक-दो महीनों के बेहतर आंकड़े से किसी बड़े निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता। राजकोषीय मोर्चे पर भी कुछ सकारात्मक संकेत हैं। वित्त वर्ष 2026 में कई मंत्रालयों और विभागों का खर्च संशोधित अनुमान से कम रहा, जिससे कुल व्यय में कमी आई और राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान से घट गया। वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से यह अच्छा संकेत है, क्योंकि नियंत्रित घाटा सरकार को भविष्य में विकासोन्मुख खर्च के लिए अधिक गुंजाइश दे सकता है। जीएसटी संग्रह में वृद्धि भी मांग और आर्थिक गतिविधियों की स्थिरता का संकेत देती है। जीएसटी संग्रह का बढ़ना यह बताता है कि खपत और लेन-देन का दायरा बना हुआ है। लेकिन जीएसटी संग्रह की वृद्धि दर को भी महंगाई और अनुपालन सुधार के संदर्भ में देखना चाहिए। अगर संग्रह में वृद्धि वास्तविक खपत और उत्पादन वृद्धि से आ रही है, तो यह अर्थव्यवस्था के लिए स्वस्थ संकेत है; पर यदि इसका बड़ा हिस्सा कीमतों की वृद्धि से जुड़ा है, तो आम उपभोक्ता पर दबाव भी बढ़ सकता है। कॉर्पोरेट जगत के नतीजे भी अर्थव्यवस्था की मिश्रित लेकिन आशावादी तस्वीर पेश करते हैं। बैंकों ने मजबूत ऋण वृद्धि और बेहतर मार्जिन के सहारे अच्छे परिणाम दिए। ऑटोमोबाइल कंपनियों को मांग और वॉल्यूम का लाभ मिला। वहीं तेल, धातु और कुछ सरकारी कंपनियों का प्रदर्शन मिश्रित रहा। इससे स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था में सुधार का स्वरूप समान नहीं है। कुछ क्षेत्र तेज बढ़ रहे हैं, जबकि कुछ क्षेत्र लागत, कीमत और वैश्विक परिस्थितियों से प्रभावित हैं। सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और लागत दबाव की है। सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने खाद्य पदार्थों, ईंधन, गैस, मजदूरी और कच्चे माल पर अधिक खर्च की बात कही है। पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल की कीमतों की अनिश्चितता, वैश्विक व्यापार नीतियों में उतार-चढ़ाव और मौसम संबंधी जोखिम से महंगाई में और भी इजाफ़ा हो सकता है। खाद्य महंगाई का सीधा असर आम परिवारों की रसोई और उपभोग क्षमता पर पड़ता है। यदि मानसून कमजोर रहता है या अल नीनो जैसी जलवायु परिस्थितियां कृषि उत्पादन को प्रभावित करती हैं, तो खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। निर्यात क्षेत्र भी चिंता का विषय है। रुपये में कमजोरी के बावजूद भारत का माल निर्यात अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रहा। सामान्यतः कमजोर रुपया निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाता है, लेकिन जब वैश्विक मांग ही कमजोर हो तो इसका लाभ सीमित रह जाता है।

विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती, व्यापारिक संरक्षणवाद और भू-राजनीतिक तनाव भारतीय निर्यातकों के लिए बाधा बन सकते हैं। ऐसे में केवल मुद्रा विनिमय दर पर निर्भर रहने के बजाय उत्पादकता, गुणवत्ता, लॉजिस्टिक्स और बाजार विविधीकरण पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। निष्कर्षतः भारतीय अर्थव्यवस्था फिलहाल कठिनाइयों के बीच सुधार के संकेत दे रही है। सेवा क्षेत्र की मजबूती, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग, बेहतर कॉर्पोरेट नतीजे और राजकोषीय घाटे में कमी सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन इन संकेतों को आत्मसंतोष का आधार नहीं बनाया जा सकता। महंगाई, कमजोर वैश्विक मांग, निर्यात की सुस्ती, मौसम संबंधी जोखिम और लागत दबाव अभी भी गंभीर चुनौतियां हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह विकास की गति को बनाए रखते हुए महंगाई पर नियंत्रण रखे, निवेश को प्रोत्साहित करे, रोजगार को व्यापक बनाए और बाहरी झटकों से अर्थव्यवस्था को बचाने की क्षमता बढ़ाने पर ज़ोर दे।

( लेखक वरिष्ठ आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
रवि शंकर



# पेट्रोल और डीजल जीएसटी से बाहर क्यों

देश में पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। खासकर मध्यम वर्ग और रोज कमाने-खाने वाले लोगों में इसे लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। बताया जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालात के कारण कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ा है। इसी वजह से तेल कंपनियां बढ़ी हुई लागत का बोझ धीरे-धीरे उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं। बता दें कि पिछले 15 दिनों में यह चौथी बार है जब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोगों, यात्रियों और परिवहन क्षेत्र पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से सिर्फ वाहन चालकों की ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतों पर भी असर पड़ रहा है। वही देश के कई हिस्सों में इस समय कृषि कार्य, फसल परिवहन और आगामी बुवाई की तैयारियां चल रही हैं, जहां डीजल का व्यापक उपयोग होता है। ऐसे समय में डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि किसानों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रही है। खेती की लागत बढ़ने से पहले से आर्थिक दबाव झेल रहा किसान और अधिक कर्ज के बोझ तले दबेगा। वर्तमान में देश के कई राज्यों और शहरों में पेट्रोल का दाम 100 रुपये प्रति लीटर के आंकड़े को पार कर चुका है। ऐसे में एक बार फिर पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग तेज हो गई है। माना जा रहा है कि अगर ऐसा होता है तो ईंधन की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है और लोगों को सीधी राहत मिलेगी। दरअसल, पेट्रोल की असल कीमत और उपभोक्ता द्वारा चुकाई जाने वाली कीमत में बड़ा अंतर टैक्स की वजह से है। मौजूदा समय में दिल्ली में बिकने वाले पेट्रोल की असली (बेस) कीमत सिर्फ 66.29 रुपये प्रति लीटर है। लेकिन इस पर केंद्र सरकार 11.90 रुपये प्रति लीटर का भारी-भरकम उत्पाद शुल्क वसूलती है। इसके बाद राज्य सरकार (दिल्ली सरकार) इस पर 16.03 रुपये का वैट लगा देती है। इसके अलावा, पेट्रोल पंप डीलर को प्रति लीटर 4.42 रुपये का कमीशन मिलता है। इन सभी शुल्कों को मिलाकर एक लीटर पेट्रोल के लिए उपभोक्ता को 100 रुपये से ज्यादा चुकाने पड़ते हैं। यानी, लगभग 28 से 30 रुपये सिर्फ टैक्स के रूप में जनता की जेब से जा रहे हैं। वर्तमान समय में पेट्रोल पर वास्तविक मूल्य के मुकाबले करीब 42 प्रतिशत और डीजल पर लगभग 32 प्रतिशत तक टैक्स लगाया जा रहा है। अलग-अलग राज्यों में वैट की दरें अलग होने के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बड़ा अंतर देखने को मिलता है। तेलंगाना में पेट्रोल सबसे महंगा है क्योंकि वहां पेट्रोल पर करीब 35.2 प्रतिशत वैट लगाया जाता है। वहीं अंडमान-निकोबार में पेट्रोल और डीजल पर केवल एक प्रतिशत वैट होने के कारण वहां ईंधन सबसे सस्ता बताया गया है। अगर केंद्र और राज्य सरकारें अपने मौजूदा टैक्स (एक्साइज और वैट) को हटाकर ईंधन को जीएसटी के तहत लाती हैं, तो कीमतों में ऐतिहासिक कटौती हो सकती है। मान लीजिए कि डीलर का कमीशन जस का तस रहता है और तेल पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगाया जाता है, तो 66.29 रुपये के मूल दाम पर केवल 11.93 रुपये का टैक्स बनेगा। इस नए गणित के हिसाब से दिल्ली में पेट्रोल की कीमत घटकर 78.22 रुपये प्रति लीटर रह जाएगी। इसका सीधा अर्थ है कि ग्राहकों को प्रति लीटर लगभग 22 रुपये की भारी बचत होगी। गौरतलब है कि 2017 में जब जीएसटी लागू किया गया था, तो वन नेशन वन टैक्स की बात कही गई थी और कहा गया था कि देश में हर चीज पर एक समान टैक्स होगा और एक समान रेट होगा, लेकिन पेट्रोल-डीजल पर सभी राज्य मनमानी करते हुए अपने अपने हिसाब से वैट वसूल रहे हैं। इसके कारण हर राज्य में पेट्रोल-डीजल की दरें अलग-अलग हैं। इससे वन नेशन वन टैक्स की अवधारणा पर भी कुठाराघात हो रहा है। ये उत्पाद केंद्र और राज्य सरकारों के लिए राजस्व का प्रमुख स्रोत हैं। राज्यों को डर है कि जीएसटी के तहत इन उत्पादों को लाने से उनकी कर नीति, मूल्य निर्धारण और खपत को प्रभावित करने की क्षमता पर असर पड़ेगा। कई राज्यों का मानना है कि पेट्रोल और डीजल पर वैट उनकी आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। जीएसटी में शामिल होने पर वे इस स्वायत्तता को खो सकते हैं। पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए राज्यों की सहमति और कर दर पर एकरूपता जरूरी है। हालांकि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के तहत लाने का फैसला केंद्र और राज्य सरकारों की सहमति पर निर्भर करेगा, क्योंकि इससे राज्यों की टैक्स आय पर बड़ा असर पड़ सकता है, क्योंकि इससे टैक्स से होने वाली बड़ी कमाई प्रभावित होगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सत्य के प्रति जागने में ही 'जीवन की महत्ता'



संकलित
**दर्शन**

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है।


## ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब एक युवक आश्रम में पहुंचा तो वह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पर्यावरण संरक्षण : आज का संकल्प, कल का भविष्य

धरती केवल मिट्टी, जल, वायु और पेड़ों का समूह नहीं है। यह मानव सभ्यता की जननी है, जीवन की धड़कन है और आने वाली पीढ़ियों की सबसे बड़ी धरोहर है। जब भी सुबह का सूरज पर्वतों की चोटियों को सुनहरी आभा से भर देता है, जब नदियों का निर्मल जल कल-कल करता हुआ बहता है, जब खेतों में हरियाली लहराती है और पक्षियों का मधुर कलरव वातावरण में संगीत घोल देता है, तब प्रकृति अपनी सुंदरता का परिचय देती है। किंतु आज यही प्रकृति मानव की अंधाधुंध महत्वाकांक्षाओं और स्वार्थपूर्ण गतिविधियों के कारण कराह रही है। बढ़ता प्रदूषण, कटते जंगल, सूखती नदियां, पिघलते हिमनद, बढ़ता तापमान और असंतुलित मौसम मानव को चेतावनी दे रहे हैं कि यदि अभी नहीं संभले, तो आने वाला भविष्य अत्यंत भयावह हो सकता है। - **संजय खोखर, रोहतक**

## ट्रेंड

### विकास गति मजबूत




भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा उल्लेखनीय गति पकड़ रही है। एयरट्रंक ने भारत में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने और 5 गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करने की घोषणा की है।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### नमो ऑक्सीजन पार्क



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति में, मेगा वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन किया गया और दिल्लीवासियों को 18 नमो ऑक्सीजन पार्क समर्पित किए गए।दिल्ली के सभी निवासियों से आग्रह है कि वे 'मां के नाम एक पेड़' अभियान में शामिल हों।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई



अगर ड्रग माफिया ने अपनी हरकतें नहीं सुधारीं, तो वे धूल में मिल जाएंगे। हमारी सरकार पिछले साढ़े तीन वर्षों से ड्रग्स के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम को सख्ती से लागू करके ड्रग तस्करों के नेटवर्क पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।
-**सुखविंदर सिंह सुखु**, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### सड़कों पर उतरें



अखबारों में खबरें लीक करना अरबों-खरबों का कारोबार है। इस रैकेट में बड़े लोग शामिल हैं। जब तक आप सड़कों पर उतर कर सरकार को कार्रवाई करने के लिए मजबूर नहीं करेंगे, यह रैकेट नहीं रुकेगा।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

### पूर्व प्रिंस एंड्रयू ने तीन कॉटेज किराए पर देकर पैसा कमाया



ब्रिटेन की सार्वजनिक व्यय पर निगरानी रखने वाली संस्था की शुक्रवार को जारी शाही परिवार की संपत्तियों की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व प्रिंस एंड्रयू ने शाही संपदा में तीन कॉटेज किराये पर देकर पैसा कमाया, जहां वह दो दशक तक बिना किराए के रहे थे। इसमें यह भी बताया गया है कि उनकी बेटिया, प्रिंसेस बीट्राइस और प्रिंसेस यूजनी, किराए वाली महल की संपत्ति में रहती हैं, जिसका भुगतान उनके पिता के बड़े भाई महाराजा चार्ल्स तृतीय करते हैं। 'नेशनल ऑडिट ऑफिस' की रिपोर्ट में कहा गया है कि एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर को विंडसर कैसल के पास अपने घर, रॉयल लॉज एस्टेट में कॉटेज को 20 साल से अधिक समय तक किराए पर देने से आय प्राप्त हुई। साल 2003 में किए गए रॉयल लॉज के एक पट्टे से पता चलता है कि उन्होंने संपत्ति के लिए सिर्फ एक मामूली रकम अदा दी, जिसे /"पेपरकॉर्न रेंट/" के नाम से जाना जाता है। इस परिसर में 30 कमरों वाली एक हवेली और आठ कॉटेज शामिल हैं जिनमें से तीन को किसी और को किराये पर देने की अनुमति थी। रिपोर्ट में आय की रिपोर्ट शामिल नहीं की गई थी। संसद की लोक लेखा समिति की पूर्व प्रमुख और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में लेबर पार्टी की सदस्य मारग्रेट होज ने इस चूक को चिंताजनक बताया।

## ऑफ बीट

### एआई में अत्यधिक पानी का इस्तेमाल हो सकता है



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग से ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ने वाले दबाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक नई रिपोर्ट ने गंभीर चेतावनी जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 तक एआई से जुड़ी प्रणालियां दुनिया की कुल बिजली खपत का लगभग तीन प्रतिशत हिस्सा उपयोग कर सकती हैं, जबकि डेटा केंद्रों की शीतलन जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाला पानी वैश्विक आबादी की वार्षिक पेयजल आवश्यकता से भी अधिक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई की बढ़ती क्षमता और लोकप्रियता के साथ उसके पर्यावरणीय प्रभाव भी तेजी से बढ़ रहे हैं। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि एआई मॉडल समय के साथ अधिक दक्ष और कम ऊर्जा खपत वाले हो जाएंगे, जिससे उनकी पर्यावरणीय लागत घटेगी। हालांकि, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि यह धारणा भ्रामक हो सकती है। रिपोर्ट में 'जेवॉन्स पैराडॉक्स' का उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार किसी तकनीक की दक्षता बढ़ने पर संसाधनों की कुल खपत कम होने के बजाय बढ़ सकती है। यह सिद्धांत 19वीं सदी के अर्थशास्त्री विलियम स्टेनली जेवॉन्स के अवलोकन पर आधारित है, जिन्होंने पाया था कि कोयले के उपयोग की दक्षता बढ़ने के बावजूद उसकी कुल मांग और खपत में वृद्धि हुई थी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सूर्या की जगह अय्यर होंगे टी20 टीम के कप्तान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय चयन समिति शनिवार को जब ब्रिटेन के दौरे और एशियाई खेलों के लिए टीम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेगी तो श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की जगह टी20 टीम की कप्तानी मिलना तय है।

भारत के ब्रिटेन के दौरे में 26 और 28 जून को बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। इसके बाद भारत इंग्लैंड के खिलाफ 1 जुलाई से शुरू होने वाले 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 3 वनडे मैच खेलेगा। एशियाई खेल सितंबर-अक्टूबर में आइची-नागोया में होंगे और निर्धारित समय सीमा को देखते हुए टीम की घोषणा समय से पहले की जा रही है।



### वैभव की सीनियर टीम में शामिल किए जाने की संभावना

ऐसी संभावना है कि तिलक वर्मा नए उप-कप्तान होंगे, जबकि 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया जाएगा। सूर्यकुमार को न केवल इस साल की शुरुआत में टी20 विश्व कप जीतने के बावजूद कप्तान पद से हटाया जा रहा है, बल्कि पिछले 18 महीनों में उनके खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम में जगह मिलने की उम्मीद नहीं है।

### ब्रिटेन दौरे और एशियाई खेलों के लिए टीमों की घोषणा

चयन समिति ब्रिटेन दौरे और सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए दो अलग-अलग टीमों की घोषणा करेगी। एशियाई खेलों के लिए तिलक वर्मा को कप्तान बनाया जा सकता है और सूर्यवंशी के भी उस टी20 टीम का हिस्सा होने की संभावना है। कुछ नए नाम इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं, जिनमें तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे भी शामिल हैं।

# पहलवान मनीषा व नेहा ने जीते गोल्ड, नीलम-साहिल को कांस्य

## उलानबटोर ओपन रैंकिंग सीरीज छाए प्रदेश के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

देश का प्रतिनिधित्व करते हुए उलानबटोर कुश्ती ओपन रैंकिंग सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की पहलवान मनीषा भानवाला ने 57 किलोग्राम में और नेहा ने 59 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीते। वहीं, साहिल कादयान ने 70 किलोग्राम में और नीलम ने 50 किलोग्राम में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता उलानबटोर मंगोलिया में आयोजित की जा रही है। मनीषा जिले के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती हैं। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर और कोच मनदीप ने दोनों पहलवानों को बधाई दी। कोच मनदीप ने कहा कि मनीषा भानवाला एक बेहद अनुशासित और मेहनती पहलवान है।

छोटूराम स्टेडियम में उसने अपनी तकनीकों पर दिन-रात काम किया है, और आज उसकी उसी कड़ी मेहनत ने उसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर सोने का तमगा दिलाया है।









### जूनियर कोच भी हैं मनीषा

*मनीषा ने बताया कि फिट होने के लिए कुश्ती खेलना शुरू किया था लेकिन फिर रुचि बन गई। छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती हूं। आउट स्टैंडिंग स्पोर्ट्स पर्सन (ओएसपी) से रोहतक में जूनियर कोच हूं। 2016 साउथ एशियन में स्वर्ण पदक, 2017 कॉमनवेल्थ गेम में कांस्य, 2022 वर्ल्ड रैंकिंग में स्वर्ण 2023 वर्ल्ड रैंकिंग में कांस्य पदक जीता। 2025 में सीनियर एशियन चैंपियनशिप में चैंपियन बनी हूं। 7 साल बाद कोई भारत की लड़की चैंपियन बनी है।*

## खबर संक्षेप




### आज दिल्ली में माय भारत युवा सम्मेलन

**नई दिल्ली।** खेल और युवा कार्य मंत्रालय का 'माय भारत युवा सम्मेलन' शनिवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें ओलंपिक पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत और राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी फर्राटा धावक गुरिंदरवीर सिंह समेत खेल जगत के कई सितारे भाग लेंगे। मंत्रालय के अनुसार त्यागराज स्टेडियम में होने वाले इस सम्मेलन में देश के 6 हजार से अधिक युवा भाग लेंगे। इनमें छात्र, युवा पेशेवर, उद्यमी, कंटेंट क्रिएटर्स शामिल होंगे। इस दौरान खेल, उद्यिता, प्रशासन और कंटेंट क्रिएशन से जुड़ी उदीयमान प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

### रोम डायमंड लीग: 8वें स्थान पर रहे सचिन



**रोम।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव डायमंड लीग में पदार्पण करते हुए अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और आठवें स्थान पर रहे, जबकि श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने अपने करियर में पहली बार 90 मीटर का प्रतिष्ठित आंकड़ा पार करते हुए खिताब जीता। 26 वर्षीय यादव केवल 79.18 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो ही कर सके, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 86.27 मीटर से काफी कम था। उन्होंने अपना यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में किया था जहां वह चौथे स्थान पर रहे थे। उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 81.95 मीटर है। यादव ने फाउल थ्रो से शुरुआत की तथा फिर अगले चार प्रयासों में 79.18 मीटर, 77.02 मीटर, 76.62 मीटर और 75.54 मीटर थ्रो किया। पांच थ्रो के बाद वह आठवें स्थान पर रहे।

### उड़ान में बीमार पड़े निशानेबाजी कोच राणा

**नई दिल्ली।** मशहूर निशानेबाजी कोच जसपाल राणा जर्मनी के म्युनिख में हुए आईएसएसएफ विश्व कप से भारतीय दल के साथ लौटते हुए उड़ान में बीमार हो गए, जिसके बाद उन्हें चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। राणा भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई परफार्मेंस कोच हैं। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के सूत्र ने बताया,' जसपाल को विमान में अच्छा महसूस नहीं हो रहा था और दिल्ली पहुंचने के बाद वह सीधे अस्पताल गए, जहां टेस्ट के बाद उन्हें एक स्टेंट डाला गया।'एक खिलाड़ी के तौर पर शानदार कैरियर के बाद जूनियर टीम के कोच और हाई परफार्मेंस ट्रेनर के रूप में भी राणा का कैरियर उपलब्धियों से भरा रहा है।



## मुल्लांपुर में भिड़ेंगी गिल और शाहिदी की टीमें, मैच सुबह 9.30 बजे से

# आठ साल बाद आमने-सामने भारत अफगानिस्तान, आज से इकलौता टेस्ट

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

भारत का पिछले कुछ समय में घरेलू टेस्ट मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन रहा है, लेकिन उसकी टीम अब भी बेहद मजबूत है और वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के महत्वपूर्ण मैचों से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में उचित संयोजन तैयार करने की कोशिश करेगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाला यह मैच डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं है लेकिन टीम की दिशा तय करने के लिहाज से यह काफी महत्वपूर्ण है। इन दोनों टीम के बीच इससे पहले 2018 में टेस्ट मैच खेला गया था, जिसमें अफगानिस्तान ने लंच और चाय के सत्र के बीच 10 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद तीसरे सत्र में उसकी दूसरी पारी भी सिमट गई थी और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा था।



### भारत का पलड़ा भारी

अब 2026 में हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान की टीम भारतीय टीम को कड़ी चुनौती देने की कोशिश करेगी, जो बदलाव के दौर से गुजर रही है और अभी तक उचित संयोजन तैयार करने के लिए संघर्ष कर रही है। इसके बावजूद भारत का पलड़ा काफी भारी नजर आ रहा है। लेकिन भारतीय खिलाड़ी पिछले साल बेहतरीन तैयारी के साथ मैदान में उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम से 0-2 से मिली करारी हार को नहीं भूले होंगे और वह अनुभव के अंतर के बावजूद विपक्षी टीम को हल्के में न लें तो बेहतर होगा।

### मानव-हर्ष पर रहेगी नजर

मानव सुथार और हर्ष दुबे को टीम में रखा है। अगर पिछले कुछ दिन के नेट अभ्यास पर गौर करें तो सुथार बेहतर खिलाड़ी नजर आते हैं लेकिन दुबे का पलड़ा भी कम भारी नहीं है। मानव आक्रामक गेंदबाज नजर आते हैं जबकि दुबे का रवैया थोड़ा रक्षात्मक है लेकिन उनकी बल्लेबाजी अधिक मजबूत है।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** :शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उपकप्तान), साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, मानव सुथार, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल।

**अफगानिस्तान**: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमानुल्लाह, अफसर जजई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, नांगेयालिया खारोटे, बिलाल सामी, कैस अहमद, मोहम्मद सलीम, जियाउर रहमान।

### 2018 में भारत ने दो दिन में जीता था मैच

जहां तक भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकाबले की बात है तो आंकड़ों पर नजर डालने से भी अंतर स्पष्ट हो जाता है। अफगानिस्तान ने 2018 में बेंगलुरु में भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था, जिसे मेजबान टीम ने दो दिनों के भीतर ही जीत लिया था। इसके बाद से जून 2026 तक अफगानिस्तान ने 11 और मैच खेले हैं। इसी अवधि में भारत ने 67 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से ऋषभ पंत अकेले 49 मैचों का हिस्सा रहे हैं। संयोगवश, जब अफगानिस्तान आखिरी बार भारत के खिलाफ खेला था, तब पंत ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण भी नहीं किया था। 2018 की टीम से केवल केएल राहुल ही वर्तमान भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं, जबकि अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी और बल्लेबाज रहमत शाह भी उस मैच में खेले थे।

फ्रेंच ओपन

# अंद्रीवा और च्वालिंस्का के बीच खिताबी जंग, मिलेगा नया विजेता



एजेंसी ▶▶|पेरिस

फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में शनिवार को दो उभरती हुई खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा, जब रूस की 19 वर्षीय मीरा अंद्रीवा का सामना पोलैंड की माया च्वालिंस्का से होगा। दोनों खिलाड़ी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची हैं, इसलिए रोलां गैरो को इस बार नया चैंपियन मिलने जा रहा है। पिछले वर्ष अंद्रीवा इस टूर्नामेंट में दबाव नहीं संभाल सकी थीं। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में वह अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ी लोइस बोइसन के खिलाफ अपना आपा खो बैठी थीं और सीधे सेटों में हार गई थीं। मैच के दौरान गुस्से में गेंद दर्शक दीर्घा की ओर मारने पर उन्हें चेतावनी भी मिली थी। लेकिन बीते दो सप्ताह में ऐसी कोई स्थिति देखने को नहीं मिली। अभी केवल 19 वर्ष की अंद्रीवा पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची हैं। दबाव अब भी है, लेकिन उसे संभालना उन्होंने सीख लिया है। सेमीफाइनल में इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ क्ले-कोर्ट खिलाड़ियों में से एक मार्ता कोस्त्युक को हराने के बाद अंद्रीवा ने कहा, /"अब भी ऐसे मैचों में मुझे घबराहट होती है। पहले अगर मेरी सर्विस टूट जाती थी तो लगता था जैसे सब खत्म हो गया हो। लेकिन अब मैं सोचती हूं कि अगर प्रतिद्वंद्वी ने मेरी सर्विस तोड़ दी है तो कोई बात नहीं, मैं भी उसकी सर्विस तोड़ने की कोशिश करूंगी।/" उनका यह बदला हुआ नजरिया कारगर साबित हुआ है।

# नॉर्वे चेस : क्लासिकल बाजी में प्रज्ञाननंदा ने गुकेश को हराया, वेस्ली से सिर्फ आधा अंक पीछे

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन गुकेश पर क्लासिकल बाजी में शानदार जीत हासिल करके नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। प्रज्ञाननंदा इस जीत के बाद शीर्ष पर काबिज अमेरिका के वेस्ली सो से सिर्फ आधा अंक पीछे रह गए हैं, जिससे यहां अंतिम दौर में रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है।

प्रज्ञाननंदा ने काले मोहरों से खेलने के बावजूद विश्व चैंपियन गुकेश को क्लासिकल बाजी में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। इससे वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने की दौड़ में शामिल हो गए हैं। नौवें दौर के बाद प्रज्ञाननंदा 15 अंकों के साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो (15.5) से ठीक पीछे दूसरे स्थान पर हैं।



### खिताब की दौड़ में फ़िरोजा

फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोजा भी 14.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। इस तरह से अंतिम दौर में तीन खिलाड़ियों के पास खिताब जीतने का मौका है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जो भी खिलाड़ी खिताब जीतेगा, वह पहली बार नॉर्वे शतरंज चैंपियन बनेगा। प्रज्ञाननंदा निर्णायक अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर का सामना करेंगे जबकि वेस्ली सो का मुकाबला अलीरेज़ा से होगा।

### जिनेर ने दिव्या को हराया

झू जिनेर ने काले मोहरों से खेलते हुए दिव्या देशमुख को हराया और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। इससे वह दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। कोनेरू हम्पी को महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हार मिली।

एशियाई अंडर-18 हॉकी

# पाकिस्तान को 5-3 से हरा फाइनल में पहुंची टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶|काकामिगाहारा

आखिरी क्वार्टर में तीन गोल करने वाले आशीष तानी पूर्ति के चार गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अंडर 18 पुरुष एशिया कप हॉकी के फाइनल में प्रवेश कर लिया। आखिरी क्वार्टर तक 2- 3 से पीछे चल रही भारतीय टीम ने आखिरी मिनटों में जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए दनादन गोल दागे । मैच की शुरूआत धीमी रही और दोनों टीमें मिडफील्ड में गेंद पर नियंत्रण के लिये जूझती नजर आई । भारत ने 12वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया जब पाकिस्तान की रक्षापंक्ति ने चूक की। फॉरवर्ड आशीष तानी पूर्ति (12वां मिनट) ने गोल करके भारत को 1-0 से बढत दिलाई जो पहले क्वार्टर में कायम रही । पाकिस्तान को दूसरे क्वार्टर में 16वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीय गोलकीपर आयुष रजक और डिफेंडर अंश बहुत्रा ने मिलकर अहमद उजैर की ड्रैग फ्लिक को गोल में तब्दील नहीं होने दिया।

### चीन से हारी महिला टीम

भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चीन से पेनल्टी शूटआउट में हार गई और इस तरह से स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर हो गई। भारतीय टीम चार क्वार्टर तक चले रोमांचक मुकाबले के 2-2 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में 1-3 से हार गई।

# ज्वेरेव फाइनल में, पहले ग्रैंड स्लैम खिताब से एक जीत दूर

**पेरिस।** जर्मनी के दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शुक्रवार को चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी याकुब मेंसिक को हराकर फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। वह इसके साथ ही अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम खिताब से अब केवल एक जीत दूर रह गए हैं। ज्वेरेव ने रोलां गैरो के सेमीफाइनल में 20 वर्षीय मेंसिक को 7-5, 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर अपने करियर के चौथे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई। रविवार को होने वाले फाइनल में ज्वेरेव का सामना इटली के 14वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली और विश्व रैंकिंग में 104वें स्थान पर मौजूद माटेओ अर्नाल्डी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही ज्वेरेव को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर दूसरे दौर में बाहर हो गये थे, जबकि दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज दाहिनी कलाई की चोट के कारण टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही हट गए थे। ऐसे में ज्वेरेव पर अपने लंबे समय से प्रतीक्षित ग्रैंड स्लैम खिताब को जीतने का दबाव बढ़ गया था और अब वह इस लक्ष्य के बेहद करीब पहुंच गए हैं। अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में खेल रहे विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज मेंसिक मुकाबले के दौरान डबल फॉल्ट की समस्या से जूझते रहे।

## फुटबॉल विश्व कप : अभ्यास मैच में इराक ने स्पेन को ड्रॉ पर रोका

# आइवरी कोस्ट ने फ्रांस को हराया, डूए ने दागा निर्णायक गोल

एजेंसी ▶▶| नांटेस

गुएला डूए ने एक गोल किया और निर्णायक गोल करने में मदद की, जिससे आइवरी कोस्ट ने विश्व कप फुटबॉल के अभ्यास मैच में फ्रांस को 2-1 से हरा दिया। गुएला डूए ने अपने इस प्रदर्शन से न सिर्फ आइवरी कोस्ट की अच्छी तैयारी का सबूत पेश किया बल्कि फ्रांस और उसके डगआउट में मौजूद अपने भाई डेसिरे डूए को भी चौंका दिया।

जब मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था तब अमाद डियालो ने गुएला डूए के दाहिनी ओर से दिए गए निचले क्रॉस को गोल में तब्दील कर दिया। पहले हाफ के आखिरी मिनट में रायन चेरकी ने दो डिफेंडरों और गोलकीपर याहिया फोफाना को छकाते हुए गोल करके फ्रांस को बढ़त दिलाई थी। आइवरी कोस्ट की तरफ से गुएला डूए ने बराबरी का गोल किया।

### फ्रांस खेलेगा उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ मैच

फ्रांस विश्व कप के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले सोमवार को लिले में उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ एक और अभ्यास मैच खेलेगा। वह विश्व कप में 16 जून को न्यू जर्सी में सेनेगल के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। आइवरी कोस्ट और इक्वाडोर के बीच पहला मैच 14 जून को फिलाडेल्फिया में खेला जाएगा।



### स्पेन को मिला चौंकाने वाला परिणाम

विश्व कप के एक अन्य दावेदार स्पेन को भी अभ्यास मैच में चौंकाने वाले परिणाम का सामना करना पड़ा। उसे ला कोरुना में खेले गए मैच में इराक ने 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। फॉरवर्ड लामिन यामल और निको विलियम्स के बिना खेल रहे स्पेन ने फेरान टोरेस के गोल की बदौलत 16वें मिनट में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इराक की तरफ से मैच समाप्त होने से आधा घंटा पहले मेर्चस डोस्की ने बराबरी का गोल किया। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यामल 15 जून को अटलांटा में टीम के विश्व कप के पहले मैच में केप वर्डे का सामना करने के लिए फिट हो जाएंगे। इराक 16 जून को मैसाचुसेट्स में विश्व कप के अपने पहले मैच में नॉर्वे से भिड़ेगा।

उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

| निविदा संख्या | NR-Pr-UMB-RC-25226 | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | (09 संख्या रेल क्रेनों की मरम्मत एवं फिटमेंट, 02 वर्ष के वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (AMC) सहित, जिसमें विद्यमान BFR से रेल क्रेन को खोलने तथा POH/ROH के उपरांत उसी प्रकार के BFR पर पुनः स्थापित –री) करने का प्रावधान शामिल है। (माउंट" | | |
| लगभग लागत(₹) | ₹2,47,53,828.29 | धरोहर राशि (₹) | ₹4,95,100/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 24 महीने | प्री–बिड कांफ्रेंस | नहीं |
| निविदा बंद की तिथि | 29.06.2026 at 15:00 hrs | निविदा दस्तावेज की लागत(₹) : Nil | |
| निविदा खुलने की तिथि | 29.06.2026 at 15:30 hrs | | |

**कार्य की समान प्रकृति**: "रेलवे अथवा केंद्र/राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) में किसी भी क्षमता की वैगन–माउंटेड रेल क्रेनों के निर्धारित अनुरक्षण (Scheduled Maintenance)/मरम्मत/पुनर्संस्कारण (Reconditioning) कार्य के अनुबंध निष्पादित करने का अनुभव रखने वाला मूल उपकरण निर्माता (OEM) अथवा OEM का अधिकृत विक्रेता (Authorized Dealer)।" या "रेलवे अथवा केंद्र/राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) में किसी भी क्षमता की वैगनमाउंटेड रेल क्रेनों के निर्धारित अनुरक्षण (Scheduled Maintenance)/मरम्मत/पुनर्संस्कारण (Reconditioning) कार्य के अनुबंध को संतोषजनक रूप से निष्पादित करने का अनुभव।" निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आईआरईपीएस) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।

**नोट**: तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं।

निविदा सूचना क्रमांक: NR/Proj/UMB/RC/Advt./01
दिनांक: 04.06.2026 1919/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




**रूस तकनीकी हस्तांतरण को भी तैयार**

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि एसयू-57 दुनिया का सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमान है। रूस को भारत के साथ तकनीक साझा करने में कोई दिक्कत या सीमा नहीं है

## राष्ट्रपति पुतिन ने दिया भारत को बड़ा ऑफर

# एसयू-57 लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट पर संयुक्त रूप से काम करने को तैयार

### एसयू-57 का सोर्स कोड साझा करेगा


सुखोई एसयू-57 लड़ाकू विमान

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को लेकर बड़ा रक्षा प्रस्ताव दिया है। सेंट पीटर्सबर्ग में वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों से बातचीत के दौरान पुतिन ने कहा कि रूस भारत के साथ सुखोई एसयू-57 लड़ाकू विमान कार्यक्रम पर मिलकर काम करने को तैयार है।

**बेहतरीन विमान**

*उन्होंने एसयू-57 को दुनिया का सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमान बताया और कहा कि रूस को भारत के साथ तकनीक साझा करने में कोई दिक्कत या सीमा नहीं है। उनके बयान से स्पष्ट है कि मॉस्को भारत को रक्षा क्षेत्र में बड़ा साझेदार मानता है। पुतिन ने कहा कि रूस ने अभी तक युद्ध के मैदान में ओरेशनिक मिसाइल का इस्तेमाल नहीं किया है।*

**एयर डिफेंस सिस्टम पर भी काम कर सकते**



पुतिन ने कहा कि रूस ने भारत को पांचवीं पीढ़ी की तकनीक पर साथ काम करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि एसयू-57 विमान संयुक्त परियोजना भी बन सकता था। हालांकि रूस ने इसे खुद विकसित किया, लेकिन अब भी भारत के साथ इस कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए तैयार है। पुतिन ने कहा कि रूस भारत के साथ एयर डिफेंस सिस्टम पर भी काम करना चाहता है।

**भारत वर्षों से रणनीतिक साझेदार**



रूस की सरकारी रक्षा कंपनी रोस्टेक के सीईओ सर्गेई चेमेजोव ने कहा कि भारत और रूस कई वर्षों से रणनीतिक साझेदार रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भारत पर प्रतिबंध लगे थे तब भी रूस ने उसकी सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए हथियारों की आपूर्ति जारी रखी थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रूस आगे भी भारत को उसकी जरूरत के अनुसार रक्षा उपकरण उपलब्ध कराता रहेगा।

**भारत की सभी मांगें स्वीकार्य**

वहीं रूसी सैन्य अधिकारियों ने कहा कि भारत की सभी मांगें स्वीकार करने योग्य हैं। रूस एसयू-57 का सोर्स कोड साझा करने और भारत में इसके निर्माण के लिए तकनीक हस्तांतरण को भी तैयार बताया जा रहा है।

**सुखोई एसयू-57: पांचवीं पीढ़ी का मल्टीरोल स्टील्थ**

- **अधिकतम गति:** करीब 2,500 किमी/घंटा
- **स्टील्थ तकनीक:** दुश्मन के रडार की पकड़ से दूर
- **मारक क्षमता:** 400 किलोमीटर
- **हथियार:** कई तरह की मिसाइलें ले जाने में सक्षम
- **इंजन:** अत्याधुनिक इजडेलिए 177 इंजन

## खबर संक्षेप

### हिमाचल के कांगडा, चंबा में 5.0 तीव्रता का भूकंप

**शिमला/चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार रात 5.0 तीव्रता का भूकंप आया, जो कांगड़ा, चंबा और आसपास के जिलों में महसूस किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान कार्यालय के मुताबिक, रात करीब 10:30 बजे भूकंप आया और इसका केंद्र धर्मशाला से लगभग 40 किलोमीटर दूर कांगड़ा-चंबा सीमा के पास कांगड़ा के धर गोदोई के पास सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में था। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के झटके महसूस होने के बाद धर्मशाला और आसपास के इलाकों के लोगों में दहशत फैल गई और वे अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, राज्य के किसी भी हिस्से से अभी तक जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### इजराइल का लेबनान पर हमला, 6 की मौत



**दिब्बीन।** इजराइल की वायु सेना ने शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों पर हमले किए। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है। ये हमले चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला द्वारा इजराइल और लेबनानी सरकार के बीच हुए नवीनतम युद्धविराम समझौते को खारिज करने और लेबनान से इजराइल के पूरी तरह हटने की मांग करने के एक दिन बाद हुए हैं। इससे पहले सेना ने नौ गांवों के लोगों के लिए निकासी की चेतावनी जारी की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात को दी 18,800 करोड़ की सौगात

# सूरत की बदलेगी तस्वीर, दमन और तेजी के साथ दमकेगा व 'स्वास्थ्य' की उड़ान भरेगा


हजीरा में निरीक्षण करते पीएम मोदी

गुजरात दौरे पर 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत चल रही विकास परियोजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने हजीरा के अलावा अंतरराज्यीय रोड नेटवर्क पर कहा कि कुछ लोग देश में निराशा का माहौल बनाने में लगे हैं।

एजेंसी ▶▶ सूरत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में करीब 18,800 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को संबोधित भी किया। अपने संबोधन की शुरुआत प्रधानमंत्री ने दिवंगत कनुभाई मावाणी को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम ने कहा कि कनुभाई मावाणी ऐसे सहयोगी थे जिन्होंने जीवन की अंतिम सांस तक लगातार कार्य किया और उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। प्रधानमंत्री ने सूरत को न केवल एक शहर बल्कि एक जीवंत भावना और ऊर्जा का प्रतीक करार दिया। पीएम मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सूरत के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि हजारों परिवारों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश वाले पोस्टर बनाकर इस अभियान में भागीदारी की है। यह प्रकृति के प्रति उसकी जिम्मेदारी को दर्शाता है।

**देश की जनता का भरोसा हमारी सबसे बड़ी ताकत**

संबोधन में विपक्ष को लिया आड़े हाथ सूरत को बताया जीवंत भावना और ऊर्जा का प्रतीक


संबोधन के पहले पीएम मोदी का स्वागत करते नेतागण

**विकसित गुजरात, विकसित भारत का संकल्प**

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जनता की सेवा के प्रति समर्पित रहने और विकसित गुजरात, विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सूरत की स्वच्छता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जो शहर कभी प्लेग जैसी महामारी के लिए जाना जाता था, वही आज देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल है।

**यहां की जनता लंबे समय से भाजपा को आशीर्वाद दे रही**

स्थानीय निकाय चुनावों का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात की जनता पिछले ढाई दशक से लगातार भाजपा को आशीर्वाद दे रही है और हालिया चुनावों में पार्टी ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। सूरत-अहमदाबाद निगम चुनाव उनकी राजनीतिक यात्रा की पहली बड़ी जीत थी और जनता का यह विश्वास सेवा भाव था।

**पीएम मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया**

### अराजकता में अवसर खोजने की सियासत नहीं चलेगी

प्रधानमंत्री ने विपक्षी राजनीतिक दलों को आड़े हाथों लिया और बिना किसी का नाम लिए कहा कि ये लोग निराशा का माहौल बनाने के अलावा आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजाक भी बनाते हैं। उन्होंने कांग्रेस या राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा, कुछ लोग भारत को नीचा दिखाना चाहते हैं।

**जनता ने कांग्रेस को हाशिए पर धकेला**

पीएम मोदी ने भाजपा को मिलने वाली राजनीतिक सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अराजकता, अनिश्चितता और निराशा को पसंद नहीं करता। कांग्रेस 12 वर्षों से अराजकता, अनिश्चितता फैला कर अवसर तलाश रही है, लेकिन देश की जनता बार-बार हासिए पर धकेल रही है।

**दमन को 2,970 करोड़ रु. से अधिक के प्रोजेक्ट दिए**

### स्वास्थ्य, नागरिक उड्डयन, पर्यटन और कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने गुजरात और दमन के दौरे के दौरान दमन को कुल 2,970 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगातें दी हैं। इन योजनाओं में स्वास्थ्य, नागरिक उड्डयन, पर्यटन और कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

**दमन में दी ये प्रमुख सौगातें**

- **नमो हवाई अड्डा :** क्षेत्र में हवाई संपर्क को बढ़ाने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया गया।
- **नमो अस्पताल :** 270 करोड़ की लागत से निर्मित, यह आधुनिक अस्पताल क्षेत्र के लोगों को उत्कृष्ट और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।
- **आइकॉनिक ब्रिज:** 359 करोड़ की लागत वाले इस पुल की आधारशिला रखी गई, जो आवागमन को सुगम बनाएगा।
- **दमन कन्वेंशन सेंटर:** 231 करोड़ की लागत से बना यह कन्वेंशन सेंटर पर्यटन और व्यापारिक आयोजनों को बढ़ावा देगा।
- **एनआईएफटी कैंपस:** 225 करोड़ के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी परिसर का शिलान्यास।

### लंकामुरा बॉर्डर पोस्ट पर बोले शाह

## हम जनसांख्यिकीय बदलाव नहीं होने देंगे, यह संकल्प

एजेंसी ▶▶ अगरतला



- स्मार्ट बॉर्डर का निर्माण करेंगे चतुष्कोणीय सुरक्षा अपनाएंगे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को त्रिपुरा में भारत-बांग्लादेश सीमा पर लंकामुरा बॉर्डर आउटपोस्ट पर बीएसएफ जवानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा फ्रंटियर हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। चाहे त्रिपुरा हो या बंगाल या फिर बिहार, हम जनसांख्यिकीय बदलाव नहीं होने देंगे। यह हमारा अटूट संकल्प है। अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ के पास पाकिस्तान बॉर्डर और बांग्लादेश बॉर्डर सीमाओं की सुरक्षा का जिम्मा है। इतने विस्तृत बॉर्डर पर हर सीमा की एक अलग प्रकार की चुनौती है। कहीं नशे का व्यापार है, कहीं ह्यूमन ट्रैफिकिंग का सवाल है, कहीं हथियारों की स्मगलिंग, कहीं ड्रग्स की तस्करी और नकली करेंसी की तस्करी होती है। हर सीमा के अपने अलग-अलग प्रश्न हैं। विश्व पर्यावरण दिवस का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि मुझे खुशी है कि सीएपीएफ और बीएसएफ के सभी जवान पूरे समर्पण के साथ एक पेड़ को अपना भाई, बहन या बच्चा मानकर उसकी देखभाल कर रहे हैं।

### अमेरिकी पर्यटक का डेबिट कार्ड लौटाने के लिए 6 घंटे भटका केरल का युवक

एजेंसी ▶▶ कोच्चि


विदेशी टूरिस्ट ने वीडियो बनाकर तारीफ की

आपकी धरती पर कोई विदेशी आए तो आप मेहमान माने भगवान वाला ट्रीटमेंट ही देना चाहेंगे। मगर ये ट्रीटमेंट तब जरूरी दिया जाना चाहिए जब टूरिस्ट को इसकी सख्त जरूरत हो। केरल के आदमी ने ठीक यही किया है। उन्होंने कुछ ही घंटों में अपने देश लौट रही महिला की ऐसी मदद की है कि वो अब इसे इस जिंदगी में तो नहीं भूल पाएगी। इस पोस्ट के वीडियो में न्यूयॉर्क की रहने वाली किन ने लिखा है कि केरल में एक अजनबी से मिली थी। वो 6 घंटे का सफर करके मुझे मेरा खोया हुआ डेबिट कार्ड वापस करने आया था। उसका नाम कृष्णा है। कृष्णा मतलब प्रेम और सुरक्षा के देवता। किन इंस्टाग्राम पर इंडिया विद किन नाम से पेज चलाती हैं। उन्होंने कैप्शन में पूरा किस्सा बताया है। किन केरल के किसी बीच के पास गई थीं। लेकिन पैसे निकालते हुए कार्ड एटीएम पर ही भूल गई थीं। फिर जब वापसी में 36 घंटे बचे थे तब कार्ड की याद आई।

## मालवीय नगर अग्निकांड पर विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

**हादसे में 13 विदेशी नागरिकों की मौत, 22 से अधिक विदेशी घायल**

# विदेशी नागरिकों की मौत को लेकर दूतावासों के संपर्क में भारत सरकार

### नागरिकता की पुष्टि के बाद ही घुसपैठिए वापस भेजेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के मालवीय नगर स्थित लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में हुई भीषण आग की घटना में 13 विदेशी नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 22 से अधिक विदेशी नागरिक घायल हुए हैं। यह जानकारी शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने दी। नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि मृतकों में 4 नागरिक नाइजीरिया, 3 किर्गिस्तान तथा एक-एक नागरिक मोज़ाम्बिक, लाइबेरिया, उज़्बेकिस्तान, बांग्लादेश, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और इराक के हैं।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि किसी भी विदेशी नागरिक को निर्वासित करने के लिए एक तय कानूनी और द्विपक्षीय प्रक्रिया होती है, उसका पालन किया जाता है। संबंधित देश की तरफ से नागरिकता की पुष्टि किए जाने के बाद ही निर्वासन की कार्रवाई बढ़ाई जाती है। भारत में अवैध तरीके से रह रहे विदेशी नागरिकों, जिनमें बांग्लादेश के नागरिक भी शामिल हैं, के खिलाफ हमारे पास कानून हैं और उनके जरिए उचित कार्रवाई होगी। बांग्लादेश के पास ऐसी कई अपील लंबित हैं और हम उम्मीद करते हैं कि इनके ऊपर जल्द से जल्द कार्रवाई होगी, ताकि भारत में अवैध तरीके से रह रहे लोगों का निर्वासन प्रभावी और सुचारू ढंग से हो पाए।

**नेपाल से संबंध मजबूत करने पर होगी चर्चा**

रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि नेपाल के साथ हमारा विकास-सहयोग से लेकर व्यापार, निवेश और पीपल-टू-पीपल का व्यापक एजेंडा है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच मुलाकात में इसकी चर्चा होगी। लेकिन हमारी तरफ से, हम नेपाल के साथ अपनी पार्टनरशिप को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। नेपाल के विदेश मंत्री कुछ वक्त पहले ही भारत पहुंचे हैं। वे हमारे देश के विदेश मंत्री से मुलाकात करेंगे।

**हस संभव सहायता प्रदान कर रहे**

जायसवाल ने कहा कि दिल्ली अग्निकांड में मरने वालों में 13 विदेशी नागरिक शामिल हैं। हम सभी संबंधित देशों के दूतावासों के संपर्क में हैं और उनकी जरूरतों के अनुसार हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय स्थानीय प्रशासन और अस्पतालों के साथ समन्वय कर आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रियाओं, चिकित्सा सहायता और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहा है। इस घटना में लगभग 22 विदेशी नागरिक घायल भी हुए हैं।

### वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब की ताजा रिपोर्ट में बड़ा दावा

## महाशक्ति बनने की ओर भारत, 2060 तक ग्लोबल जीडीपी में चीन को पीछे छोड़ देगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत अपनी तेज आर्थिक और जनसांख्यिकीय रफ्तार के दम पर साल 2060 तक क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सेदारी के मामले में चीन को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है।

पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (पीएसई) से जुड़ी शोध संस्था 'वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब' (डब्ल्यूआईलैब) की एक ताजा रिपोर्ट में यह अहम अनुमान लगाया गया है। यह रिपोर्ट बताती है कि 21वीं सदी के उत्तरार्ध में बीजिंग के आर्थिक दबदबे में तेज गिरावट आएगी और दुनिया एक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ेगी।

**घटती जनसंख्या से चीन को चुनौती**

चीन की सबसे बड़ी और दीर्घकालिक चुनौती उसकी तेजी से घटती आबादी है। दुनिया की कुल आबादी में चीन की हिस्सेदारी 2100 तक 8 प्रतिशत से भी कम होने की आशंका है। इसके चलते वैश्विक जीडीपी में चीन की हिस्सेदारी पहले स्थिर होगी और फिर उसमें गिरावट आएगी। 2060 के आसपास, भारत अपनी जनसांख्यिकीय मजबूती के साथ वैश्विक जीडीपी हिस्सेदारी में चीन से आगे निकल जाएगा। नवीनतम वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) के अनुसार, साल 2026 में भारत की कुल जीडीपी 4.15 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर होगी। इसकी तुलना में यूके की जीडीपी 4.27 ट्रिलियन डॉलर और जापान की 4.38 ट्रिलियन डॉलर रहने का अनुमान है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28